सुविचार
गलत तरीकों से सफल होने से कई गुना बेहतर है, सही तरीके अपनाकर असफ़ल हो जाना।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक :- नागेश नरवरिया

वर्ष 6, अंक-78 | भोपाल, शुक्रवार 03 दिसंबर 2021 | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## नशे में किया गया अपराध कब क्षमा योग्य होगा कब नहीं जानिए IPC...।

बी.आर. अहिरवार,
ब्यूरो हेड होशंगाबाद,
मो.-9827737665



व्यक्ति जब नशे में होता है तो उसे कुछ याद नहीं रहता है कि वह क्या कर रहा है क्या नहीं,अर्थात व्यक्ति को अच्छे-बुरे की पहचान नहीं होती है। जब व्यक्ति स्वेच्छा से नशा करता है और कोई घटना कर देता है तब उसका यह कार्य एक अपराध हो सकता है लेकिन व्यक्ति को जबरदस्ती या किसी प्रकार के पानी में कोई नशीली दवा डाल दे बिना स्वेच्छा के वह नशा कर लेता है एवं तब उसके कोई अपराध हो जाये तो वह क्षमा योग्य हो सकता है जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 85 की परिभाषा?** अगर किसी व्यक्ति को उसकी मर्जी के बगैर कोई नशा करवा देता है या नशीली दवाई खिला देता है तब ऐसे में उस व्यक्ति के द्वारा कोई अपराध हो जाए तब वह धारा 85 के अंतर्गत क्षमा योग्य होगा। लेकिन व्यक्ति अपनी मर्जी से नशा करता है एवं उस व्यक्ति के द्वारा कोई अपराध होगा वह किसी भी प्रकार से क्षमा योग्य नहीं माना जाएगा।

**उधारानुसार वाद-** डायरेक्टर ऑफ पब्लिक प्रॉसिक्यूशन बनाम मेगे स्वाकी?- मामले में आरोपी ने ड्यूटी पर गश्त दे रहे एक पुलिस कांस्टेबल पर हमला करके उसे शारिरिक चोट पहुँचाई। आरोपी का कहना था कि उस शाम को घटना के पहले उसने नशीले पदार्थ एवं मद्यपान का सेवन किया था,जिसके कारण वह अपने होश में नहीं था। अतः कथित घटना के बारे में उसे कुछ भी याद नहीं था सिवाय इसके कि एक पुलिस कांस्टेबल से उसकी क्षणिक लड़ाई हुई थी। उसने अपने नशे की स्थिति की पुष्टि में मेडिकल रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। न्यायधीश ने निर्णय दिया की स्वेच्छा मद्यपान एवं नशे को अपराध के लिए बचाव के रूप में मान्य नहीं किया जा सकता है। अतः आरोपी की अपील को अस्वीकार कर दिया और उसे दोषसिद्ध कर दिया गया।

भोपाल ने झेली दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी

## गूगल भी यही बता रहा 37 साल पुरानी 'भोपाल गैस त्रासदी' से बड़ी कोई विपदा नहीं

**भोपाल।** भोपाल 2-3 दिसंबर 1984 की वो रात। आज की पीढ़ी ने उस भयानक रात के बारे में सिर्फ सुना या तस्वीरों में देखा होगा। यकीन मानिए कि वह रात दुनिया सबसे खौफनाक रातों में से एक है। गूगल सर्च इंजिन भी मानता है कि दुनिया में उससे पहले और उसके बाद आज तक ऐसा कोई भी इंडस्ट्रियल डिजास्टर नहीं है, जो भोपाल गैस त्रासदी के दुख-दर्द और नुकसान के बराबर हो।

इस घटना को करीब से देखने वाले और कवर करने वाले बताते हैं कि लाशें ही लाशें थीं, जिन्हें ढोने के लिए गाड़ियां कम पड़ गईं। चीखें इतनी कि लोगों को आपस में बातें करना मुश्किल हो रहा था। धुंध इतनी कि पहचानना ही चैलेंज था उस रात। टीम ने आज के युवाओं को इस त्रासदी की भयावहता बताने के लिए यह कोशिश की है। इसके लिए 15 से ज्यादा तरीकों से सर्च इंजन गूगल पर दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी खोजने की कोशिश की, ताकि उससे भोपाल की घटना की तुलना की जा सके। तमाम कोशिशों में हर बार




गूगल रिजल्ट में भोपाल गैस त्रासदी ही सबसे पहले नंबर पर आई। इसके लिए हमें कभी दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी लिखा, तो कभी वर्ल्ड्स बिगेस्ट इंडस्ट्रियल डिजास्टर (अंग्रेजी में) तो कभी गैस ट्रैजेडी लिखकर भी सर्च किया। हर बार नतीजा निकला कि दुनिया में आज भी त्रासदियों में भोपाल गैस कांड ही सबसे ऊपर है।

# उदयपुरा में संविधान अंगीकार दिवस पर उमड़ा जन सैलाव संविधान निर्माता बाबा साहब की प्रतिमा का हुआ अनावरण



मा.बाल कृष्ण नरवरिया



श्रेद्या स्व.श्रीमति सावित्रि नरवरिया जी

*उदयपुरा/रायसेन। 26 नवम्बर 2021 को उदयपुरा जिला रायसेन में संविधान अंगीकार दिवस के शुभ अवसर पर वोद्धिसत्व विश्वरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण समारोह में समाजसेवी स्व. चौधरी सूरत सिंह नरवरिया निवास से भव्य चल समारोह एवं शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल डॉ भीमराव अंबेडकर भवन प्रांगण उदयपुरा पहुची।*









चल समारोह का भव्य स्वागत नगर के गणमान्य नागरिक हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री संतोष पवैया, पूर्व नगर अध्यक्ष केशव सिंह पटेल, रघुवंशी समाज से संगु भैया कक्का, विश्नोई समाज से कुलदीप विश्नोई, कुशवाह समाज से कन्हैया लाल कुशवाह, धोबी समाज से प्रकाश भारके, मुस्लिम समाज से शेख बजीर भाई, वाल्मीक समाज से खेमचन्द परोचे, रूपसिंह परोचे, खटीक समाज से पवन खटीक, भरत पोरिया, ब्राम्हण समाज से संतोष समेले, राय समाज से सुनील राय, हरिबाबा चौकसे, धाकड़ समाज से छोटेलाल धाकड़ एवं गणमान्य नागरिक डॉ विजय कुमार मालानी, ब्रजगोपाल लोया, पवन राय, महेश दुवे, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, सुरेंद्र राय, उमेश धाकड़, हरिगोवेन्द रोहर, विनोद परोचे, सुनील कहार, मनोज तोमर, इसरार कुरैशी, शोहल कुरैशी, महेश दुबे आदि द्वारा चाय, पानी, पुष्प मालाएं पहनाकर, पुष्प बरसाकर एवं तिलक लगाकर किया। समारोह में विशेष सहयोग सोनू रजक (डी जे), पप्पू वैंड पार्टी, घोड़ा बग्गी सुपियार सिंह कौरव तथा पुलिस प्रशासन ने सराहनीय सहयोग किया। शोभा यात्रा में महिलाओ व बच्चियो ने गरवा नृत्य कर हर्ष उल्लास व्यक्त कर सभा स्थल पंहुचाया। तदोपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रतिमा अनावरण समारोह की विचार संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उदयपुरा विधानसभा से लाड़ले विधायक देवेंद्र सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि चौ. अमान सिंह जी नरवरिया पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, ठाकुर वीरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रहलाद किशोर जैन, केशव पटेल, कुलदीप विश्नोई, प्रभाकर मेहरा, हाकम सिंह बरीबा, बृजगोपाल लोया, संतोष पवैया, सुनील राय, एड. चतुरनारायण रघुवंशी, भावसिंह माण्डरे, एम एल राठोरिया, शिब्बू लाल साहू, छोटे लाल धाकड़ आदि अतिथियों ने धार्मिक अंधविश्वास, कुरुतियों, मृत्यु भोज बंद एवं बाबा साहब के जीवन चरित्र पर अपना अपना उद्बोधन कार्यक्रम की अध्यक्षयता श्री हेमंत नरवरिया जी की मौजूदगी में शुभारंभ बाबा साहब के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा मालापर्ण कर शुभारंभ किया। बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण श्री बालकिशन नरवरिया (रिटायर्ड शिक्षक) की धर्मपत्नी श्रद्धेय स्वर्गीय श्री मति सावित्री देवी नरवरिया जी की पुण्य स्मृति में किया गया। आतिथियो द्वारा श्री बालकिशन नरवरिया जी का फूलमालाओं एवं साफा बांधकर सम्मान किया। कार्यक्रम में बालकिशन नरवरिया द्वारा लंगर प्रसादी की उम्दा व्यवस्था की। कार्यक्रम में होंशंगावाद से सुनील बामने, संजेश गोलिया, पिपरिया से सी एल बोद्ध, महेश राठौर, माछा से ओमकार प्रसाद शास्त्री, नरसिंहपुर से उमेद सिंह अहिरवार, रायसेन से देवेन्द्र अहिरवार, दिनेश शिक्षक,



स्व.सूरत सिंह नरवरिया समाजसेवी

संतोष शिक्षक, बेगमगंज से परसराम अहिरवार, टीकाराम त्रिपालियां, पूरनसिंह अहिरवार, गैरतगंज से धनराज सुर्यवंशी, काशीराम अहिरवार, सिलवानी से लाखन सिंह चौधरी, बरेली से पोहप चौधरी, नंदराम अहिरवार, हेमंत सहपुरिया, हरिराम ठेकेदार, गोपीलाल अहिरवार, चो.भूपेंद्र सिंह रघुवंशी, एस एस बाम्होर्या, भिंड से सुभाष सागर, देवरी से दिनेश बघेल, गुड्डू भैया सरपंच, बम्होरी से उमेश कुमार, राजाराम अहिरवार सुल्तानगंज से करणसिंह अहिरवार एवं आस-पास के सामाजिक बंधु अन्य जिलों से हज़ारो की सँख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष सहयोग मांगीलाल (शिक्षक), प्रणवीर (शिक्षक), संतोष अहिरवार, मामा हल्के भैया बम्होरी, जमना प्रसाद, कढ़ोरी लाल नरवरिया, खरगराम, चन्दन सिंह, गीतेश नरवरिया,रामेश्वर नरवरिया, मोती सिंह नरवरिया, महेश नरवरिया, दीनदयाल, परसोत्तम, कन्हैया लाल नरवरिया, वैजनाथ इमने, प्रदीपअहिरवार ,मन्नूलाल चौधरी, बलराम नरवरिया, धनराज नरवरिया, कमलेश ठेकेदार, हरिसेवक केतोघानिया, भावसिंह नरवरिया, मिथलेश मेहरा, गोलू मालवीय, ब्रजेश नरवरिया, गोलू नरवरिया, रामसिंह नरवरिया, हरिसिंह बौद्ध, दिनेश नरवरिया चंदन पारमल, फूलसिंह अहिरवार, बटन सिंह, महेंद्र ऊषापुर, दयाराम जाटव, एवं **युवा टीम** से मयंक चौधरी, आशीष नरवरिया, नरेंद्र नरवरिया, गोविन्द कटियार, सोबरन सिंह गोलियां, लखन केतोघानिया, सुदीप बामने, अनिकेत बामने, परसोत्तम, नरवरिया, मुकेश नरवरिया, हनुमत नरवरिया, रघुवीर बघेल, गोविंद त्रिपालिया, मनोज नरवरिया, अरविन्द माण्डरे, लोकेन्द्र माण्डरे, कमलेश, लालसिंह, नरेश कुमार कानीवाडा, अशोक कुमार, अरविंद सूर्यवंशी, रामस्वरूप अहिरवार, आशीष कुमार, नेतराम, संतोष कुमार, कैलकच्छ परसोत्तम, प्रमोद,नरेंद्र, दुर्गा हल्केवीर अहिरवार प्रसाद, नेपाल सिंह, हरिगोविंद त्रिपालिया, रामबाबू (सचिव) लखनऊ उत्तर प्रदेश से दिनेश गौतम का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का आभार बालकृष्ण नरवरिया की ओर से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केशव सिंह पटेल, द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन जांबाज़ युवा नेता, समाज सेवी रमन वामने एवं अतर सिंह भारतीय द्वारा किया गया।




चौधरी अमान सिंह नरवरिया अहिरवार समाज संघ संस्थापक





# विश्व एड्स दिवस का कार्यक्रम एनएसएस के छात्रों द्वारा किया गया

**होशंगाबाद।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस का कार्यक्रम कॉलेज की एन एस एस एवं रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित किया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ औ एन चौबे के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली कॉलेज से सात-रास्ता होते हुए संजय नगर और जिला चिकित्सालय केंद्र में आकर ज़िला चिकित्सा केंद्र के विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं को डॉ संजय पुरोहित जिला चिकित्सालय होशंगाबाद तथा उनकी टीम ने एड्स जागरूकता के बारे मे बताया, जिसमें एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील कुमार दिवाकर, डॉ श्रीमती ईरा वर्मा एवं राजीव द्विवेदी सहित स्टाफ सहित छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।




# गृह विज्ञान महाविद्यालय होशंगाबाद में राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस मनाया गया

**होशंगाबाद।** शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के निर्देशन एवं एनसीसी प्रभारी डॉ संगीता पारे एवं श्री शैलेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया मुख्य अतिथि के रूप में 5एम.पी. गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर संजय कुमार शर्मा रहे इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भेंट करके किया गया इस अवसर पर एनसीसी कैडेट को को शपथ दिलाई गई। जिसमें कहा गया कि हम एनसीसी कैडेट यह प्रतिज्ञा करते हैं कि हम देश सेवा के साथ साथ समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में सहायता करेंगे और स्वच्छ भारत बनाने में हम अपना योगदान देंगे इस अवसर पर स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई एवं मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में कैडेट को एनसीसी कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभकामनाएं एवं नए कैडेट को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा कैडेट कोर एनसीसी के माध्यम से पुलिस विभाग एवं एवं सेना में उच्च पदों पर एनसीसी कैडेट्स कैसे मुकाम हासिल




कर सकते हैं इसकी जानकारी प्रदान की। श्री शैलेंद्र तिवारी ने एनसीसी के सी एग्जाम पास करने के पश्चात होने वाले लाभों से अवगत करवाया। एनसीसी अधिकारी डॉ संगीता पारे द्वारा वर्तमान एवं गत वर्ष की उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया उनके द्वारा बताया गया कि हमारे महाविद्यालय की कैडेट अंडर ऑफिसर आस्था चौरे का प्री आरडीसी में चयन हुआ है एवं वर्तमान में आस्था चौरे आरडीसी की चयन प्रक्रिया मैं शिविर में प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित है इस वर्ष 4 कैडेट्स वैष्णवी राजपूत निधि राजपूत रक्षा कलोशीया शिवा दायमा का ऑल इंडिया कंचनजंगा सिक्किम ट्रैकिंग कैंप में भाग लिया एवं मधु शर्मा का रोप ट्रैकिंग कैंप मैं चयन हुआ।एनसीसी के सी सर्टिफिकेट के माध्यम से गत वर्ष मोहिनी यादव का मध्य प्रदेश रेलवे पुलिस में चयन हुआ। महाविद्यालय मैं गत 2 वर्षों मैं एनसीसी के बी व सी एग्जाम का परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं सत्र 19-20 में महाविद्यालय की क्रेडिट दीपिका पटेल ने सी सर्टिफिकेट एग्जाम मैं 5एम.पी गर्ल्स बटालियन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सत्र 2020-21 में मोनिका बामने ने मैं 5 एम.पी.गर्ल्स बटालियन में चतुर्थ और महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एनसीसी दिवस पर बटालियन द्वारा निर्देशित गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कैडेट को प्रमाण पत्र और मैडम द्वारा सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया क्रेडिट द्वारा देश भक्ति नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति दी गई एनसीसी दिवस की थीम शौर्य और साहस को समझाते हुए प्रथम वर्ष के कैडेट्स द्वारा एक नाटक के माध्यम से सेना के जवानों के बलिदानों और उनके अदम्य साहस को प्रदर्शित करने के साथ साथ एनसीसी कैडेट का देश में योगदान का संदेश दिया। देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति प्रस्तुति वर्तिका बंजरिया मीनाक्षी एवं दीप्ति के द्वारा दी गई एनसीसी के विषय में जानकारी कैडेट साक्षी राजपूत द्वारा दी गई कैडेट पूजा मौर्य द्वारा गीत प्रस्तुत किया है नाटक में प्राची मांडरे, जागृति शर्मा, ईशा शर्मा, अंजली व्यास, स्वाति अहिरवार, भारती अहिरवार, पूजा अहिरवार, वंदना कीर, रजनी वर्मा, कुंती यादव, साक्षी गोस्वामी, सोना सैनी, निहारिका चौधरी, निहारिका दुबे, मनीषा, शिवानी सिसोदिया, दीप्ति कुशवाहा, नेहा कुशवाहा, सेजल, वर्षा मालवीय ने भाग लिया। मंच संचालन प्राची मांडरे एवं वर्तिका बंजोरिया ने किया। कार्यक्रम के समापन पर आभार डॉ. संगीता पारे द्वारा दिया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रीकान्त दुबे, डॉ. अरूण सिकरवार, डॉ. श्रुति गोखले, डॉ. हर्षा चचाने, डॉ. रामबाबू मेहर, डॉ. रागिनी सिकरवार, श्रीमती आभा बाधवा, डॉ. निषा रिछारिया, डॉ. मनीष चन्द्र चौधरी, श्री अजय तिवारी, डॉ. दषरथ मीना, प्रीति ठाकुर, सौम्या चौहान, डॉ. विजया देवासकर, दीपिका राजपूत देवेन्द्र सैनी, शुभम भद्रे एवं समस्त प्राध्यापक गण एवं एनसीसी के सभी क्रेडिट उपस्थित रहे।







# म. प्र. भोज-मुक्त विश्वविद्यालय के यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों तथा डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सेज के प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी



**होशंगाबाद।** शुक्रवार को मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ओ एन चौबे जी के निर्देशानुसार प्रचार प्रसार हेतु क्षेत्रीय केंद्र होशंगाबाद से श्री राजुल शर्मा तथा अध्ययन केंद्र होशंगाबाद से समन्वयक डॉ. एन. आर. अडलक द्वारा मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सेज में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, उन्हें बताया गया कि उच्च शिक्षा से वंचित युवक युवतीयॉ ग्रहणी व नौकरी पेशा स्वरोजगार में व्यस्त व्यवसाय एवं दूर अंचल ग्रामीण जनों के लिए उच्च शिक्षा पूर्ण करने का यह एक सुनहरा अवसर है 7 कोई भी व्यक्ति अध्यन जारी रख कर अपने सपनों को साकार कर सकता है 7 अध्ययन केंद्रों द्वारा निःशुल्क अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती है। मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु उम्र का कोई बंधन नहीं है टीसी, माइग्रेशन व गेप सर्टिफिकेट के बिना भी प्रवेश लिया जा सकता है। समस्त कोर्सेज की फीस विश्वविद्यालय द्वारा कम कर दी गई है। अतः भोज मुक्त विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम की फीस 9000 से ज्यादा नहीं है तथा जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुल्क 8000 या उससे अधिक है उसे विद्यार्थियों को दो समान किस्तों में प्रथम किस्त प्रवेश के समय जबकि दूसरी किस्त फरवरी 2022 में भुगतान करने की सुविधा प्रदान की गई है। मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय प्रवेश लेने हेतु अंतिम दिनांक 10 दिसंबर 2021 है।




आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
भोपाल (मप्र)मो.- 9755364204

# तहसील बेगमगंज खाद यूरिया की बहुत समस्या से किसान हो रहे परेशान

*रामेश्वर नरवरिया*



**रायसेन।** तहसील बेगमगंज खाद यूरिया की बहुत समस्या है किसान भाई बहुत परेशान हो रहे हैं सुबह से लाइन में लग लग कर यूरिया खाद प्राप्त कर रहे हैं समय पर ना मिलने के कारण यूरिया खाद से किसान भाई लोग काफी चिंतित हैं समय पर खाद न मिलने से बामनी में बाधा उत्पन्न हो रही है जिससे किसान भाई वह चिंतित है बोनी पूरी जिला का यही हाल है खाद की कम से किसान बहुत परेशान हो रहे हैं।



## जिले में सिंचाई यंत्र लक्ष्य उपलब्ध ना होने के कारण किसान भाई अनुदान पर



रामेश्वर नरवरिया

**रायसेन।** जिले में सिंचाई यंत्र लक्ष्य उपलब्ध ना होने के कारण किसान भाई अनुदान पर कृषि यंत्र एवं सिंचाई यंत्र नहीं ले पा रहे हैं जोकि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के अंतर्गत किसान भाइयों को अनुदान उपलब्ध रहता है रायसेन जिले में लक्ष्य लक्ष ना होने के कारण किसानों को ऊंचे दामों पर सिंचाई यंत्र खरीदने पढ़ रहे हैं रायसेन जिला मात्र एक ऐसा जिला है मध्यप्रदेश का जिसमें ना उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विभाग मैं लक्ष्य प्रदान नहीं किए जा रहे हैं जिससे किसान भाई काफी चिंतित है शासन की योजना का लाभ न मिलने के कारण किसान भाई ऊंचे दाम पर सिंचाई यंत्र खरीदने को मजबूर है जबकि नियम अनुसार जिले में लक्ष्य आते थे किसान भाई अनुदान पर कम कीमत पर संयंत्र खरीदते थे मगर इस वर्ष सिंचाई यंत्रों पर लक्ष्य समय पार उपलभ्ध नहीं हो रहे हैं जबकि शासन के नियम नुसार 45% ,55% अनुदान रहता हैं।

## अन्नदाता एवं किसानों की समस्याओं से वाकिफ हूं-फुंदेलाल

### धान उपार्जन केंद्र मानिकपुर का किया गया शुभारंभ



**अनूपपुर (ब्यूरो)।** पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने आकांक्षा स्वसहायता समूह द्वारा बनाए गए धान उपार्जन केंद्र मानिकपुर गौरसी विकासखंड जैतहरी जिला अनूपपुर का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ किया जा रहा है। धान उपार्जन केंद्र खुलने से किसानों को धान बेचने के लिए सुविधा होगी उन्हें ज्यादा दूरी नहीं जाना पड़ेगा।किसान अभी तक परेशान होता था किसानों की समस्याओं को देखते हुए धान उपार्जन केंद्र के शुभारंभ की आवश्यकता महसूस हुई। उन्होंने कहा कि वह अन्नदाता एवं किसानों की समस्याओं से पूरी तरह वाकिफ है।धान खरीदी केंद्र खुल जाने से अब किसानों को आसानी होगी वह अपने गांव के पास ही धान का विक्रय कर सकेंगे।जनता को सुविधाएं सुलभ कराने की दिशा में सदैव ही उनका प्रयास रहा है और उस दिशा में भी प्राथमिकता के साथ कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि किसानों को अब इधर-उधर भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है।विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि निश्चित ही आकांक्षा स्व सहायता समूह धान उपार्जन केंद्र मानिकपुर का प्रयास सराहनीय है। जिन्होंने किसानों की परेशानियों को देखते हुए आज इसका विधिवत शुभारंभ कराया।

# संविधान दिवस

# पिपरियाः अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश के तत्वधान में संविधान दिवस का हुआ आयोजन





आर. मांडले

**पिपरिया।** अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश के तत्वधान में संविधान दिवस का आयोजन पिपरिया मंगलवार चौराहा पर रखा गया जिसमें सामाजिक गणमान्य उपस्थित रहे और ,संविधान निर्माता बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया बाबा साहब के हित कार्यों पर विशेष विचार रखे गए संविधान प्रस्तावना शपथ श्री लक्ष्मी नारायण सोनी जी द्वारा समस्त उपस्थित गणमान्य को दिलाई गई ,और बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की,जिनमें उपस्थित रहे सामाजिक सदस्य, राजू अहिरवार नगर अध्यक्ष ,ब्लॉक अध्यक्ष करोड़ी लाल, हरीश जी, कल्लू भाई ,उर्फ नर्मदा प्रसाद , जगदीश ,आर. मांडले , विनोद अहिरवार जी ,हेमराज अहिरवार जी,गोपाल राठी जी ,किशोर डावर जी, दिलीप पालीवाल जी, दौलत अहिरवार जी, नारायण गोलिया, सीताराम जी, सुधा सिलावट जी, संजय कोरी जी ,महेंद्र जी , मनोज ठाकुर जी ,आदि मौजूद रहे!

**आभार करोड़ी लाल जी ने माना, अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश ब्लॉक अध्यक्ष।**

# भाजपा मण्डल सोनहत की कार्यसमिति बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित की

**सोनहत।** भाजपा मण्डल सोनहत की कार्यसमिति बैठक रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाडे, सोनहत मण्डल प्रभारी जिलामंत्री व जिपं सदस्य कोरिया दृगपाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में संगठनात्मक विषय पर चर्चा एवं आगामी कार्यक्रम की रुप रेखा बनाई गई।तथा संगठन को पोलिंग बूथ स्तर पर मजबूत रखने की बात की गई।

### धरना प्रदर्शन में भी हुए शामिल





कार्यसमिति बैठक के बाद सभी भाजपा कार्यकर्ता बीजली विभाग के खिलाफ चल रही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में सामिल हुए। यह धरना प्रदर्शन मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाडे के निर्देश पर भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व में आयोजित है। बिजली विभाग के खिलाफ विभिन्न मूद्दो को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता पिछले आठ दिन से धरना कर रहे हैं।जिसमें भाजयुमो की मांग है की सोनहत ब्लॉक अन्तर्गत हजारों लोगों का जो अनाप शनाप बिजली बील भेजा गया है उसमें सुधार किया जाए।

बसेर व हर्राडी तक बीजली पहुचाई जाए, पुसला जामटिकरा,तथा अन्य स्थानों पर जो ट्रान्सफार्मर खराब है उन्हें तत्काल बदला जाए और नए ट्रान्सफार्मर स्थापित किया जाए, पावर हाउस सोनहत मे स्थायी जेई की स्थापना की जाए जिससे बीजली सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण ज्लद हो सके तथा ओरगई सोनहत मार्ग के बीचों बीच जो बीजली खंम्भा जो खड़ा है उसे अन्य स्थान पर बदला जाए।खंम्भा के बीच सड़क मे रहने से आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी होती है कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष नवरत्न पाण्डे महामंत्री संदीप साहू भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष मनोज साहू भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष जायसवाल अजजा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष लाल मन नेताम किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजा राम राजवाड़े अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहादुर भाजयुमो महामंत्री रमेश तिवारी, उपाध्यक्ष राजू साहू वरिष्ठ नेता बचनु साहू, व्यपारि प्रकोष्ठ संयोजक दुर्गा मिश्रा चैन राजवाड़े किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सुरेंद्र राजवाड़े आर्थिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष नन्द कुमार राजवाड़े भाजयुमो मंत्री नीरज पटेल दिलीप राजवाड़े ओबीसी मोर्चा मंडल मंत्री बाबू लाल भीम सेन शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जगतपाल मछुआरा प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष रामु राजवाड़े महिला मोर्चा महामंत्री राजकुमारी, कुंती विवेव साहू एवं अन्य भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कॉलरी कर्मचारी कि हत्या से कोयलांचल में मचा हड़कम्प मौके पर पहुंची पुलिस, जांच हुयी प्रारम्भ



**बिजुरी।** नगर के सरास्वती शिशु मंदिर विद्यालय समीप स्थित चिकन-मटन कि दुकान के पीछे अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे कोयलांचल क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोतमा सहित बिजुरी पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल प्रारम्भ करने उपरान्त शव का मौका पंचनामा कर शव को पोष्टमार्टम के लिऐ बिजुरी अस्पताल भिजवा दिया गया। प्रथम दृष्टया जांच से यह बात सामने आयी है कि मृतक के सिर पर गम्भीर चोंट के निशान है, लिहाजा हत्या के अंदेशा को बिल्कुल भी इंकार नही किया जा सकता है। वहीं मृतक कि पहचान सुरेन्द्र राय उर्फ दरबारी पिता राजेन्द्र राय उम्र लगभग 35 वर्ष, बी.सी.एम. खोंगापानी छत्तीसगढ़ निवासी के रूप में हुयी है। मृतक थाना क्षेत्र के बहेराबांध कॉलरी में स्थायी तौर पर श्रमिक मजदूर के रूप में कार्य करता था। लेकिन बीते एक माह से मृतक ड्यूटी पर नही जा रहा था, बावजूद इसके कॉलरी के वेश-भूषा में शव मिलने से तरह-तरह कि चर्चाओं का दौर क्षेत्र भर में जारी है, आखिर हत्या किसने और किन कारणों से की गयी है। ऐसे तमाम सवालों कि पड़ताल बिजुरी पुलिस द्वारा गम्भीरता के साथ किया जा रहा है। जिसकी सच्चाई जांच पश्चात ही सामने आ पायेगा।

### कोरोना में मृत पत्रकारों के परिजनों से भेंट कर कलेक्टर ने जताई संवेदना

# पत्रकारों के परिजनों की सहायता के लिये हमेशा तत्पर : सोनिया मीणा

कैलाश कुमार अहिरवार

**अनूपपुर।** कोरोना संक्रमण में अपनों को खोने वाले जिले के पत्रकारों के परिजनों से जिला प्रशासन की मुखिया कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा ने मंगलवार की दोपहर अपने चैंबर मे भेंट करके संवेदनशीलता का परिचय दिया। माहौल गमगीन था, उपस्थित लोगों की आंखे नम थीं। परिवार की मुखिया की तरह कलेक्टर सुश्री मीणा ने मृत चार पत्रकारों के परिजनों के कंधों पर जब संवेदना का हाथ रखा तो उनका भाव कुछ ऐसा ही था कि मानों कह रही हों कि -- मैं हूं ना । कोरोना संक्रमण के चलते अप्रैल - जून 2021 के बीच चार पत्रकारों ने अपने प्राण गंवाए। अनूपपुर के वरिष्ठ पत्रकार रामचन्द्र नायडू, दिनेश शिवहरे, जैतहरी के संतोष गुप्ता ( बेटी ) और राजनगर के त्रिनेश मिश्रा को पत्रकार जगत ने खो दिया। म प्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जिला प्रशासन , जन संपर्क विभाग से मृत पत्रकारों के परिजनों की सहायता के लिये तमाम प्रयास किये । इस संयुक्त पहल पर म प्र सरकार





के जन संपर्क संचालनालय ने चार मृत पत्रकारों के परिजनों को चार - चार लाख रुपये प्रदान किये। पत्रकारों के दुखी, पीड़ित, परेशान परिजनों के लिये यह एक मरहम जैसा था जो घाव भर तो नहीं सकता था लेकिन दर्द को कम जरुर कर सकता था। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा ने जिले के वरिष्ठ पत्रकार मनोज द्विवेदी, अजीत मिश्रा, मुकेश मिश्रा, चैतन्य मिश्रा , सुमिता शर्मा ,जन संपर्क विभाग के अमित श्रीवास्तव, रजनीश त्रिपाठी की उपस्थिति में श्रीमती रमा नायडू , सुश्री साधना गुप्ता , श्रेया गुप्ता, श्रीमती पूनम मिश्रा, बीएल मिश्रा ,अतुल मिश्रा , अंकुश शिवहरे से सीधे व्यक्तिशः वार्ता करते हुए उनकी परिस्थितियों और जरुरतों को समझने का प्रयास किया। कलेक्टर सुश्री मीणा ने सभी के प्रति संवेदना जतलाते हुए धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि आप सभी हमारे लिये एक परिवार की तरह हैं तथा हर संभव मदद के लिये तैयार हैं। उन्होंने मौके पर उपस्थित पत्रकारों से कहा कि इन परिवारों के लिये जिला प्रशासन क्या यथोचित मदद कर सकता है, यह हमें जरुर बतलाएं। उन्होंने पीड़ित परिवारों की सभी बातों को बड़े ध्यान से , धैर्य पूर्वक सुना और कहा कि सरकार से प्राप्त राशि को बहुत सोच समझ कर खर्च करें। बच्चों को पढाने, उन्हे अपने पैरों पर खड़ा करने पर बल दिया। परिवार की एक मुखिया की तरह उन्होंने जिस संवेदनशीलता के साथ बातों को सुनकर सांत्वना दी, उससे दुखी परिवारों को बड़ा संबल प्राप्त हुआ। उन सभी ने कलेक्टर सुश्री मीणा , जिला प्रशासन, मप्र जन संपर्क संचालनालय, म प्र श्रमजीवी पत्रकार संघ की पहल और संवेदना के प्रति आभार प्रकट किया। कलेक्टर ने सभी से वैक्सीनेशन कार्यक्रम में मदद करने, हमेशा मास्क लगाए रखने और सोशल डिस्टेंशिंग नियमों का पालन करने की अपील की।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक

# 1547 करोड़ रूपये से 6 चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण को मंजूरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में 1547 करोड़ 45 लाख रूपये से 6 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य की मंजूरी दी। इसमें मण्डला, सिंगरौली, श्योपुर, राजगढ़, नीमच तथा मंदसौर में नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिये क्रमशः राशि रुपये 249.63 करोड़, 258.07 करोड़, 256.83 करोड़, 256.55 करोड़, 255.78 करोड़ तथा 270.59 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।



**सीमेट स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित होगाः** मंत्रि-परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि मध्यप्रदेश राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) को वर्तमान में प्रशासन अकादमी से पृथक कर एक स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित किया जाएगा। सीमेट की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक योजना एवं शैक्षणिक प्रबंधकीय क्षमता का विकास तथा इसके विकेन्द्रीकरण के संबंध में उचित प्रक्रिया का निर्धारण एवं विकास करना है। इसके लिये व्यावसायिक दक्षता के विकास, शैक्षिक प्रबंधन में पाठ्यक्रमों का संचालन, शिक्षा से जुड़े अधिकारियों की क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण वातावरण के निर्माण में सहयोग करना शामिल है। सीमेट में स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्कूल प्रबंधन से जुड़े जनजाति कार्य विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग तथा श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। मंत्रि-परिषद ने निर्णय लिया कि सिडबी को एक मुश्त समझौता राशि 90 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिये मध्यप्रदेश वित्त निगम को 90 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता लघु अवधि ऋण के रूप में स्वीकृत की जायेगी। इस पर वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर से ब्याज अधिरोपित किया जायेगा। मध्यप्रदेश वित्त निगम के इंदौर में नव-निर्मित व्यवसायिक कार्यालय परिसर का विक्रय लोक परिसम्पति प्रबंधन विभाग के माध्यम से किया जाएगा।

## जागरुकता को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली

# आज 47 स्थानो पर होगा वैक्सीनेशन महा अभियान

**सिलवानी।** कोरोना के बढ़ते प्रकरणो से लोगो कों सुरक्षित रखने तथा कोविड के नए वर्जन ओमिक्रोन से लोगो को बचाए जाने क लिए प्रशासन के द्वारा लगातार वैकसीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। नगर परिषद के सहयोग से नगर की छात्राओं के द्वारा जनजागरुकता रैली आयोजित की गई। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई रैली नगर के अनेक रास्तो से गुजरी।

रैली में शामिल छात्राए जन जागरुकता के नारे लगाती हुई लोगो को जागरुकता का संदेश देती व कोरोना से बचाव के तरीके अपनाने तथा वैक्सीन के प्रथम व द्वितीय डोज लगवाने से बंचित रहे लोगो से वैक्सीन लगवाने का आग्रह कर रही थी। बुधवार को नगर सहित क्षेत्र में 47 स्थानो पर कोरोना वैक्सीनेशन केन्द्र बनाए गए है।



### » वैक्सीनेशन के लिए स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

कोरोना संक्रमण से सम्पूर्ण सुरक्षा के लिए सभी पात्र लोगों को कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के लिए 1 दिसंबर को वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को चैनपुर गांव में में स्कूल के बच्चों ने वैक्सीन की द्वितीय डोज लगवाने के लिए जागरूक रैली निकाली गई और दल गठित किए गए हैं, जो कि ग्राम और वार्ड स्तर पर दूसरी डोज से शेष रहे लोगों को चिन्हित कर सेंटर्स पर लाकर वैक्सीनेशन कराएंगे। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं स्कूल के शिक्षकों कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

# पूर्व सिविल सर्जन डॉ.बी बी गुप्ता हुए सेवानिवृत्त, दी भावभीनी



**रायसेन।** मंगलवार को जिला अस्पताल में पिछले 30 वर्षो से कार्यरत पूर्व सिविल सर्जन एवं पैथोलॉजी विभाग के प्रमुख पैथोलॉजिस्ट डॉ.बीबी गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सीएमएचओ डॉ.दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ.एके शर्मा एवं सेवा निवृत्त नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.एसी अग्रवाल मौजूद थे। जिन्होने डॉ.बीबी गुप्ता को भावभीन विदाई दी।

इस विदाई समारोह के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के आंखों में आंसू झलक आए। पूर्व सिविल सर्जन डॉ.बीबी गुप्ता के विदाई समारोह में प्रमुख रूप से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सोमन दास ओटी प्रभारी डॉ.अनिल ओढ़, डॉ.एमएल अहिरवार, डॉ.विनोद सिंह परमार, डॉ.आलोक राय, डॉ.यशपाल सिंह बल्यान, राजेश्वर तिवारी, संतोष नायर, कुलदीप बागड़ी, प्रकाश पाराशर, महेन्द्र पाल, पुनीत पाराशर, प्रियंका चौहान, मीरा हलदर, हिमांगी मौर्य, भावना सहित जिला अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए एवं उन्हें भावीभीनी विदाई दी गई।

## अपहरण के खुलासे में एसडीओपी को दिया डीजी ने प्रशंसा पत्र

**रायसेन।** शहर के बीड़ी व्यापारी के अपहरण और 40 लाख रुपये की फिरौती मांगे जाने के मामले का तत्परता से खुलासा करने पर पुलिस महानिदेशक ने रायसेन एसडीओपी को प्रशंसा पत्र दिया है। उन्होंने एसडीओपी अदिति भावसार के काम की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह जिम्मेदारी पूर्वक कर्तव्य निर्वहन की उम्मीद जताई है। उल्लेखनीय है कि शहर के बीड़ी व्यापारी खलील का अज्ञात बदमाशों ने 7 नवंबर की रात ढाई बजे अपहरण कर लिया था, इसके बाद अपहरणकर्ताओं द्वारा परिजनों से 40 लाख रूपए की फिरौती मांगी गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने काफी तत्परता से कार्रवाई करते हुए 8 घण्टे में न केवल अपहृत व्यापारी को मुक्त कराया बल्कि आरोपियों की भी गिरफ्तारी की।



एसपी विकास कुमार सहवाल, एएसपी अमृतलाल मीना के मार्गदर्शन में एसडीओपी अदिति भावसार ने पुलिस बल के साथ काफी उत्कृष्ट कार्य किया। जिस पर पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी ने एसडीओपी को प्रशंसा पत्र जारी करते हुए, उनके काम की सराहना की है।

# सागर बनेगा वाटर पॉजिटिव सिटी

### ▶▶ शहर का वाटर स्कोर कार्ड तैयार कराने स्मार्ट सिटी और जल स्मृति फाउंडेशन काम करेंगे

**सागर।** सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर का वाटर स्कोर कार्ड तैयार कराने के लिए जल स्मृति फाउंडेशन के साथ काम कर रही है। पानी बचाने उसके सदुपयोग और रिसाइक्लिंग के तमाम तरीके अपनाकर शहर को वाटर पॉजिटिव बनाया जाएगा। इसके लिए जल स्मृति फाउंडेशन कई स्तर पर वाटर स्कोर कार्ड तैयार करेगा। मंगलवार को इस संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जल स्मृति की ओर से अंतरराष्ट्रीय जल विशेषज्ञ डॉ भक्ति देवी ने वाटर स्कोर कार्ड की उपयोगिता और इसे तैयार करने के तरीकों के संबंध में विस्तार से बताया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड आरपी अहिरवार और स्मार्ट सिटी सीईओ राहुल सिंह राजपूत उपस्थित थे।




### शहर में कुआं और बावड़ी को दोबारा विकसित कर रहे हैं

डॉ भक्ति देवी ने बताया कि वाटर पॉजिटिव सिटी बनाने के लिए सिर्फपानी बचाना ही काफी नहीं होता बल्कि हमें जल जंगल और जमीन पर समग्र रूप से काम करना होगा। जल स्तर बनाए रखने के लिए काम करना है पानी का दुरुपयोग रोकना है वर्षा जल को संरक्षित करना है जलस्रोतों को विकसित करना है और वाटर ट्रीटमेंट के बाद जल को उपयोगी बनाना है। इसके अलावा हरियाली बढाकर ग्रीन बेल्ट विकसित करने होंगे और जल आपूर्ति पर होने वाले खर्च को भी घटाना होगा। जब हम इन सभी चीजों पर समग्र रूप से काम करेंगे तो वाटर स्कोर कार्ड में हमारे अंक बढेंगे और इसी आधार पर सागर वाटर पॉजिटिव सिटी बनेगा। नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड आरपी अहिरवार ने बताया कि सागर स्मार्ट सिटी और नगर निगम इनमें से ज्यादातर विषयों पर बड़े स्तर पर काम कर रहे हैं। लाखा बंजारा झील और कैचमेंट को पुनर्विकसित किया जा रहा है। कुआं और बावड़ी को दोबारा विकसित कर रहे है। वाटर ट्रीटमेंट और एसटीपी का काम चल रहा है। पानी की बर्बादी रोकने के लिए पूरे शहर में नई पाइप लाइन डाली जा रही है। सीवर नेटवर्क तैयार हो रहा है। इसके अलावा स्टॉर्म वाटर नेटवर्क भी तैयार किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी सीईओ राहुल सिंह राजपूत ने बताया कि शहर में 48 पार्क बनाए जा रहे है। स्मार्ट रोड कॉरिडोर के किनारे पर भी ग्रीन एरिया विकसित किए जा रहे हैं। शहर में सतत पौधरोपण से भी ग्रीनरी बढ़ाने का काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर का वाटर स्कोर कार्ड तैयार करने के लिए जल स्मृति फाउंडेशन के साथ एमओयू किया गया है।

# कांग्रेस ने बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराधों को लेकर खोला मोर्चा

**सागर।** जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था और अनुसूचित जाति वर्ग पर लगातार घटित हो रही घटनाओं तथा बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को मोर्चा खोलते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरूणोदय चौबे की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पर जमकर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम 4 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम पवन बारिया को सौपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं रह गई। पूर्व विधायक अरूणोदय चौबे ने कहा कि जिले में अपराधियों को हौसले इस कदर बुलंद है कि आए दिन हत्या लूट बलात्कार नकवजनी आदि की घटनाए घटित हो रही है।



संचालन युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अशरफ खान ने किया। अंत में आभार सुरेन्द्र करोसिया ने माना।

## कलेक्टर श्री लवानिया ने कोरोना संक्रमण की समीक्षा के बाद दिए निर्देश

**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया ने संक्रमण को रोकने लिए हर संभव कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। भोपाल जिले में कोरोना संक्रमित लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब किसी भी व्यक्ति जो कोरोना पॉजिटिव है, को अस्पतालों में रखा जाएगा, अब होम आइसोलेशन में रहने की अनुमति नहीं दी जा रही है। जिले में कोरोना संक्रमण के 10 से अधिक केस आने पर सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम उठाया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बढ़ते संक्रमण को देखते हुए आम जनता की सुरक्षा के लिए यह कारवाई की जा रही है।

## एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट समिति की बैठक संपन्न

**भोपाल।** वायुयानों के सुरक्षित और बाधारहित आवागमन के लिए एयरफील्ड पर यथा संभव कार्यवाही तुरंत प्रारंभ की जाएगी। कमिश्नर श्री गुलशन बामरा ने यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत एयरपोर्ट से शहर में आवागमन को भी सुचारू बनाए रखने के लिए एयरपोर्ट आवागमन के मार्गों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को संभागायुक्त श्री गुलशन बामरा की उपस्थिति में एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस विभाग, वन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कई एयरलाइंस के प्रतिनिधि उपस्थित थे। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी श्री के.एल.अग्रवाल ने बताया कि विमानतल के नजदीक खुली मांस और मछली की दुकाने हटाने का बैठक में निर्णय हुआ है जिससे पशु-पक्षी विमान प्रचालन क्षेत्र में आकर्षित नहीं हों। विमानतल के

# फिर बदलेगा मौसम, मावठा और धुंध से होगी दिसंबर की शुरुआत

## बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र, जिले में होगा असर

**रायसेन/युवा प्रदेश नेटवर्क।** साल 2022 के आखिरी महीने की शुरुआत बादल छाने,मावठा गिरने और धुंध से हो सकती है। इसकी वजह यह है कि अरब सागर में बनने वाले सिस्टम के कारण भोपाल संभाग सहित पश्चिमी मध्यप्रदेश में नमी पहुंचेगी। इस कारण जिले में 1 और 2 दिसंबर को मौसम बदलेगा।

मौसम वैज्ञानिको क मुताबिक इस दौरान बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश भी हो सकती है। जिले में दिसंबर की शुरुआत बादल छाने, मावठा गिरने और धुंध से हो सकती है। इसकी वजह यह है कि अरब सागर में बनने वाले सिस्टम के कारण पश्चिमी मध्यप्रदेश में नमी पहुंचेगी। मौसम वैज्ञानिकों



के अनुसार जिले में 1 और 2 दिसंबर को मौसम बदल सकता है,वही बादल छाएगें और हल्की बारिश भी हो सकती है।

वही कुछ दिनों तक दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी रहेगा। मंगलवार को दिन का तापमान 28.8 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार के मुकाबले इसमें 1.9 डिग्री की गिरावट हुई। रात का तापमान 12.4 डिग्री दर्ज किया गया। इसमें भी 16.4 डिग्री की कमी आई। अगर दिसंबर में मावठा गिरता है तो किसानों को ज्यादा फायदा होगा। वही यूरीया कि मांग और बढ जाएगी।

### *बंगाल की खाड़ी में बनेगा कम दबाव का क्षेत्र*

*मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। अगले 24 या 48 घंटे में यह वेल मार्क लो और डिप्रेशन नाम के सिस्टम में बदल सकता है। इसका ज्यादा असर होने के आसार कम हैं,लेकिन आने वाले दिनों में उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहुंच सकता है। इसके कारण भी मौसम बदलेगा। दिन और रात का तापमान कभी कम तो कभी ज्यादा हो सकता है। इसके गुजर जाने के बाद ही शहर में ठंड बढ़ने की संभावना रहेगी।*

संपादकीय

## भारत में गरीबी खत्म करने के वादे अब तक खोखले ही साबित हुए हैं



भारत में गरीबों की हालत कितनी शर्मनाक है। आजादी के 74 वर्षों में भारत में अमीरी तो बढ़ी है लेकिन वह मुट्ठीभर लोगों और मुट्ठीभर जिलों तक ही पहुंची है। आज भी भारत में गरीबों की संख्या दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा है। हमारे देश के कई जिले ऐसे हैं, जिनमें आधे से ज्यादा लोगों को पेट भर रोटी भी नहीं मिलती। वे दवा के अभाव में ही दम तोड़ देते हैं। वे क ख ग भी न लिख सकते हैं न पढ़ सकते हैं। मैंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ आदिवासी जिलों में लोगों को नग्न और अर्ध-नग्न अवस्था में घूमते हुए भी देखा है। रंगराजन आयोग का मानना था कि गांवों में जिसे 972 रु. और शहरों में जिसे 1407 रु. प्रति माह से ज्यादा मिलते हैं, वह गरीबी रेखा से ऊपर है। वाह क्या बात है? यदि इन आंकड़ों को रोजाना आमदनी के हिसाब से देखें तो 30 रु. और 50 रु. रोज भी नहीं बनते हैं। इतने रुपए रोज़ में आज किसी गाय या भैंस को पालना भी मुश्किल है। दूसरे शब्दों में भारत के गरीब की जिंदगी पशुओं से भी बदतर है। विश्व भर के 193 देशों वाली गरीबी नापने वाली संस्था का कहना है कि यदि गरीबों की आमदनी इससे भी ज्यादा हो जाए तो भी उसने जो 12 मानदंड बनाए हैं, उनके हिसाब से वे गरीब ही माने जाएंगे, क्योंकि कोरी बढ़ी हुई आमदनी उन्हें न तो पर्याप्त स्वास्थ्य-सुविधा, शिक्षा, सफाई, भोजन, स्वच्छ पानी, बिजली, घर आदि मुहय्या करवा पाएगी और न ही उन्हें एक सभ्य इंसान की जिंदगी जीने का मौका दे पाएगी। दूसरे शब्दों में व्यक्तिगत आमदनी के साथ-साथ जब तक पर्याप्त राजकीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी, नागरिक लोग संतोष और सम्मान का जीवन नहीं जी सकेंगे। सभी सरकारें ये सब सुविधाएं बांटने का काम भी करती रहती हैं। उनका मुख्य लक्ष्य तो इन सुविधाओं की आड़ में वोट बटोरना ही होता है लेकिन जब तक भारत में बौद्धिक श्रम और शारीरिक श्रम का भेदभाव नहीं घटेगा, यहां गरीबी खम ठोकती रहेगी। शिक्षा और चिकित्सा, ये दो क्षेत्र ऐसे हैं, जो नागरिकों के मष्तिष्क और शरीर को सबल बनाते हैं। जब तक ये सबको सहज और मुफ्त न मिलें, हमारा देश कभी भी सबल, संपन्न और समतामूलक नहीं बन सकता। ऊपर दिए गए आंकड़ों के आधार पर आज भी आधे से ज्यादा बिहार, एक-तिहाई से ज्यादा झारखंड और उप्र तथा लगभग 1/3 म.प्र. और मेघालय गरीबी में डूबे हुए हैं। यदि विश्व गरीबी मापन संस्था के मानदंडों पर हम पूरे भारत को कसें तो हमें मालूम पड़ेगा कि भारत के 140 करोड़ लोगों में से लगभग 100 करोड़ लोग वंचितों, गरीबों, कमजोरों और जरुरतमंदों की श्रेणी में रखे जा सकते हैं।

# दुनियाभर में फिर से रूप बदल कर पाँव पसार रहा है कोविड-19, भारत को सतर्क रहना जरूरी

*इंपीरियल कॉलेज लंदन के विषाणु विज्ञानी डॉ. टॉम पीकॉक ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपने ट्विटर अकाउंट पर वायरस के नए स्वरूप (बी.1.1.529) का विवरण पोस्ट किया था। उसके बाद वैज्ञानिक इस स्वरूप पर गौर कर रहे हैं। हालांकि ब्रिटेन में इसे चिंता पैदा करने वाले स्वरूप की श्रेणी में अभी औपचारिक रूप से वर्गीकृत नहीं किया गया है। दुनिया भर के वैज्ञानिक तेजी से फैलने के संकेतों के लिए नए स्वरूप पर अब गौर करेंगे।*



**भारत** में भले कोरोना की चाल कुछ धीमी पड़ी हो लेकिन यह खत्म नहीं हुआ है यूरोपीय देशों में तो इसका कहर जारी है और जिस तरह दक्षिण अफ्रीका में कोरोना के नये वैरिएंट का पता चला है उसको देखते हुए भारत में भी चिंता व्यक्त की जा रही है। केंद्र ने तो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से आने वाले या इन देशों के रास्ते आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ी स्क्रीनिंग और जांच की जाए क्योंकि इन देशों में कोविड-19 के गंभीर जनस्वास्थ्य प्रभावों वाले नये स्वरूप सामने आने की सूचना है। दक्षिण अफ्रीका की बात करें तो वहां कोरोना वायरस के एक नए स्वरूप का पता लगा है जिससे अधिक तेजी से संक्रमण फैलने की आशंका है और अधिकारियों ने इससे जुड़े 22 मामलों की पुष्टि की है।

इंपीरियल कॉलेज लंदन के विषाणु विज्ञानी डॉ. टॉम पीकॉक ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपने ट्विटर अकाउंट पर वायरस के नए स्वरूप (बी.1.1.529) का विवरण पोस्ट किया था। उसके बाद वैज्ञानिक इस स्वरूप पर गौर कर रहे हैं। हालांकि ब्रिटेन में इसे चिंता पैदा करने वाले स्वरूप की श्रेणी में अभी औपचारिक रूप से वर्गीकृत नहीं किया गया है। दुनिया भर के वैज्ञानिक तेजी से फैलने के संकेतों के लिए नए स्वरूप पर अब गौर करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कम्युनिकेबल डिजीज (एनआईसीडी) ने पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका में बी.1.1.529 का पता चला है और जीनोम अनुक्रमण के बाद बी.1.1.529 के 22 मामलों की पुष्टि हुयी है। एनआईसीडी के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर एड्रियन प्यूरेन ने कहा, ÷इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका में एक नए स्वरूप का पता चला है... हालांकि आंकड़े अभी सीमित हैं, हमारे विशेषज्ञ नए स्वरूप को समझने के लिए सभी स्थापित निगरानी प्रणालियों के साथ लगातार काम कर रहे हैं।''

### डब्ल्यूएचओ का क्या कहना है?

दूसरी ओर, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि पिछले सप्ताह यूरोप में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई और दुनिया का यह एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां कोविड-19 के मामले अक्टूबर के मध्य से लगातार बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने महामारी को लेकर अपने साप्ताहिक मूल्यांकन में कहा कि वैश्विक स्तर पर संक्रमण के मामलों और मौतों में लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले सप्ताह संक्रमण के लगभग 36 लाख मामले आए तथा 51,000 लोगों की मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ के यूरोप के निदेशक डॉ. हैंस क्लूज ने आगाह किया है कि जल्द एहतियाती कदम नहीं उठाए गए तो महाद्वीप में वसंत के मौसम तक 700,000 और मौतें हो सकती हैं। क्लूज ने कहा, ''यूरोपीय क्षेत्र कोविड-19 महामारी की मजबूत गिरफ्त में बना हुआ है।'' उन्होंने देशों से टीकाकरण बढ़ाने और ''लॉकडाउन के अंतिम उपाय'' से बचने के लिए मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी

> ■ *एजेंसी ने कहा कि उसने पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के टीकाकरण के लिए कोविड-19 टीके 'कॉमिरनेटी' को मंजूरी दी है।*

जैसे अन्य उपाय का पालन करने का आह्वान किया। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि आसानी से फैलने वाला डेल्टा स्वरूप वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस का प्रमुख स्वरूप बना हुआ है। पिछले सप्ताह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटाबेस पर अपलोड 840,000 से अधिक जीनोम अनुक्रमण मामलों में से करीब 99.8 प्रतिशत मामले डेल्टा स्वरूप के थे। म्यू, लैम्ब्डा और गामा सहित कोरोना वायरस के अन्य स्वरूपों का योगदान एक प्रतिशत से भी कम है। हालांकि, लातिन अमेरिका में नमूनों के जीनोम अनुक्रमण में इन स्वरूपों का बड़ा अनुपात है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोप कार्यालय ने कहा है कि पूर्वानुमानों के मुताबिक इस महाद्वीप के 53 देशों में अगले वसंत तक कोरोना वायरस महामारी से सात लाख और लोगों की मृत्यु हो सकती है, जिससे संक्रमण से मौत के कुल मामले 20 लाख से अधिक हो सकते हैं। इस बीच एक बड़ी खबर आई है कि यूरोपीय संघ (ईयू) के औषधि नियामक ने पांच से 11 साल के बच्चों के लिए फाइजर कंपनी के कोविड-19 रोधी टीके को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही यूरोप में कोरोना वायरस के नए मामलों में वृद्धि के बीच लाखों स्कूली बच्चों के टीकाकरण का रास्ता साफ हो गया। हम आपको बता दें कि यह पहला मौका है जब यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने बच्चों के टीकाकरण के लिए किसी कोविड टीके को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कहा कि उसने पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के टीकाकरण के लिए कोविड-19 टीके 'कॉमिरनेटी' को मंजूरी दी है। वहीं अगर इटली की बात करें तो वहां की सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए उन लोगों पर कुछ पाबंदियां लगाने का फैसला किया है, जिन्होंने अभी तक कोविड-19 रोधी टीके नहीं लगवाए हैं। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, छह दिसंबर से रेस्तरां में भोजन करने, सिनेमा घर जाने या किसी खेल प्रतियोगिता देखने जाने के लिए लोगों को कोविड-19 से हाल ही में उबरने का या टीकाकरण का प्रमाणपत्र दिखाना होगा। इटली में नए नियमों के तहत कानून प्रवर्तन, सैन्य तथा सभी स्कूली कर्मचारियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पहले टीकाकरण केवल स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए अनिवार्य था। बात अगर जर्मनी की करें तो इस देश में कोविड-19 महामारी की शुरुआत से अब तक एक लाख से अधिक लोग कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवा चुके हैं तथा यूरोप में रूस, ब्रिटेन, इटली और फ्रांस के बाद इस सूची में शामिल होने वाला वह पांचवां देश बन गया है। जर्मनी की रोग नियंत्रण एजेंसी ने बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 351 लोगों की मौत के बाद देश में महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 100,119 हो गयी है।

ऊर्जा साक्षरता अभियान

# देश को ऊर्जा साक्षरता का पाठ पढ़ायेगा मध्यप्रदेश



देश और दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु असंतुलन और बिजली के अपव्यय से बचाने के लिये ऊर्जा साक्षरता अभियान (ऊषा) के रूप में लोगों को जागरूक करने की अनूठी पहल मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग ने की है। अभियान में प्रदेश के साढ़े 7 करोड़ नागरिकों को समयबद्ध कार्य-योजना बनाकर ऊर्जा साक्षर बनाने के प्रयास किये जायेंगे। पहले 6 महीनों में 50 लाख नागरिकों को ऊर्जा साक्षर बनाने का लक्ष्य है। अभियान का उद्देश्य लोगों को ऊर्जा प्रयोग के प्रति संवेदनशील बनाते हुए आगामी वर्षों में पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु संतुलन के दुष्प्रभावों से बचाना है। इसके अंतर्गत ऊर्जा के व्यय एवं अपव्यय की समझ विकसित करना, ऊर्जा के पारम्परिक एवं वैकल्पिक साधनों की जानकारी देना, उनका पर्यावरण पर प्रभाव, ऊर्जा एवं ऊर्जा के उपयोग के बारे में सार्थक संवाद, ऊर्जा संरक्षण एवं प्रबंधन के बारे में जागरूकता, ऊर्जा उपयोग के प्रभावों, परिणामों की समझ के आधार पर इसके दक्ष उपयोग के लिये निर्णय लेने की दक्षता उत्पन्न करना, पर्यावरणीय जोखिम एवं जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को कम करना और विभिन्न ऊर्जा तकनीकों के चयन के लिये लोगों को सक्षम बनाया जायेगा। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों सहित जन-साधारण को ऊर्जा की महत्ता, पारम्परिक ऊर्जा से होने वाला कार्बन उत्सर्जन, सौर, पवन, बॉयोमॉस आदि हरित ऊर्जा के लाभ और मितव्ययता आदि की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। अभियान के जरिये लोगों को बताया जायेगा कि एक यूनिट बिजली बचाने से लगभग 2 यूनिट बिजली का उत्पादन बढ़ता है। नई पीढ़ी द्वारा ऊर्जा निर्माण और सदुपयोग में जागरूकता के दूरगामी परिणाम होंगे। ऊर्जा उपयोग के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ की जानकारी सुलभ रूप में पहुँचाने और अपनाने का कार्य मिशन के रूप में किया जायेगा। श्रेणीगत प्रशिक्षण के माध्यम से चरण-बद्ध सर्टिफिकेशन का भी प्रावधान किया गया है। प्रदेश के सभी नागरिकों को समय-बद्ध कार्य-योजना के अनुसार ऊर्जा साक्षर बनाया जायेगा। पोस्टर, होर्डिंग, एनीमेशन, वीडियो, सोशल मीडिया, जिंगल्स, मोबाइल एप, स्वयं करके देखो आदि विधाओं द्वारा रोचक तरीके से लोगों को क्लीन ऊर्जा के संवर्धन और संरक्षण के लिये प्रेरित किया जायेगा।

### मोबाइल से होगा पंजीयन

ऊर्जा साक्षरता अभियान से जुड़ना पूरी तरह निःशुल्क है। वेब पोर्टल या मोबाइल एप से एप डाउनलोड कर मोबाइल ओटीपी के माध्यम से पंजीयन होगा। इसके बाद लोग अपनी इच्छानुसार निर्धारित पाठ्यक्रमों में से एक का चयन कर सकेंगे। पाठ्यक्रम के चयन पर प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम (मॉड्यूल) डाउनलोड करने की सुविधा मिलेगी।

# खेती-किसानी और किसानों की बेहतरी के पुरोधा शिवराज



किसान पुत्र होने के नाते खेती-किसानी को बेहतर तरीके से जानने वाले मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों के लिये जो किया है, वह कृषि क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है। एक लंबे समय से उनके द्वारा खेती-किसानी और किसानों की बेहतरी के लिए किए गए प्रयासों और नवाचारों के परिणाम अब न केवल पूरे देश-दुनिया के सामने है बल्कि उन्हें इसका पुरोधा भी माना गया है। प्रदेश के किसानों के हित में खेती को लाभप्रद बनाने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अनेक नवाचार भी किये हैं। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी है। कृषि उत्पादन को बढ़ाना, उत्पादन की लागत को कम करना, कृषि उपज के उचित दाम दिलाना और प्राकृतिक आपदा या अन्य स्थिति में उपज को हुए नुकसान में किसान को पर्याप्त क्षतिपूर्ति देना, मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रयासों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के किसानों को जो संबल दिया, उससे किसानों ने प्रमुख रूप से गेहूँ उत्पादन में रिकार्ड कायम किया। मध्यप्रदेश गेहूँ उपार्जन में पूरे देश में अव्वल रहा। किसानों के हित में कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन करते हुए ई-ट्रेडिंग का प्रावधान किया गया और किसानों को उपार्जन केन्द्र के साथ ही मंडी के अधिकृत निजी खरीदी केन्द्र और सौदा-पत्रक व्यवस्था के माध्यम से भी फसल बेचने की सुविधा प्रदान की गई।

# भोपाल हवाई अड्डे पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित

## संभागायुक्त श्री बामरा ने किया उद्घाटन



**भोपाल।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और ईवी कॉसमॉस ने के सहयोग से भोपाल हवाई अड्डे पर एसी लेवल 2 फास्ट चार्जर के साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण पर पहला ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया है। मंगलवार को संभागायुक्त श्री गुलशन बामरा ने इस चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इस दौरान निदेशक, हवाई अड्डा भोपाल श्री के एल अग्रवाल, ईवी कॉसमॉस के संचालक श्री अमिताभ शिवपुरी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। निदेशक हवाई अड्डा भोपाल श्री अग्रवाल ने बताया कि यह चार्जर बिल्ट-इन सॉफ्टवेयर हर समय निगरानी, सहायता और कैशलेस लेनदेन के लिए ईवी कॉसमॉस सर्वर से जुड़ा है।इस चार्जर को सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों को चार्ज करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ईवी कॉसमॉस के संचालक श्री अमिताभ शिवपुरी द्वारा बताया गया कि ईवी कॉसमॉस मध्य प्रदेश की पहली इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी है, जो स्मार्ट इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशंस, अत्याधुनिक तकनीक और सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक व्हीकल्स चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के साथ मोबिलिटी के स्वच्छ भविष्य की दिशा में काम कर रही है। ईवी कॉसमॉस स्वच्छ भविष्य की दिशा में एक कदम के साथ सभी प्रकार के ईवी चार्जरों के लिए चार्जिंग पॉइंट हार्डवेयर और क्लाउड-आधारित सॉफ़्टवेयर, इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और रखरखाव सहित ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए एंड टू एंड समाधान और भोपाल हवाई अड्डे को स्वच्छ पर्यावरण के एक प्रमुख उदाहरण के रूप में स्थापित करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# धर्मनगरी चित्रकूट से हिन्दुत्व के एजेंडे को धार देगी भाजपा



- श्रीराम की तपोभूमि में 15 से हिन्दू महाकुंभ
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी होंगे शामिल
- लव जिहाद, जनसंख्या नियंत्रण कानून समेत 12 मुद्दों पर होगा मंथन

इंदौर। धर्मनगरी चित्रकूट से संघ के एजेंडे को धार देने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। चित्रकूट में हिन्दू महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इसमें लव जिहाद, जनसंख्या नियंत्रण कानून समेत 12 मुद्दों पर मंथन होगा। 15 दिसंबर को होने वाले इस महाकुंभ में संघ प्रमुख मोहन भागवत, श्रीश्री रविशंकर समेत कई हस्तियां शामिल होंगी। विजयराघवगढ़ के भाजपा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को इस आयोजन का प्रधान सेवक बनाया गया है। उन्होंने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया।

चित्रकूट में हिन्दू महाकुंभ का आयोजन तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य कर रहे हैं। उन्होंने आयोजन की जिम्मेदारी विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को दी है। पाठक ने आयोजन स्थल पर टेंट, पंडाल, रहने और खाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालते हुए रविवार को स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। महाकुंभ में पांच लाख हिंदुओं के जुटाने की तैयारी है। महाकुंभ के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत, योग गुरु बाबा रामदेव, आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर प्रसाद, साध्वी ऋतंभरा, मनोज मुंतशिर, मालिनी अवस्थी, कुमार विश्वास के अलावा कई प्रखर वक्ताओं को आमंत्रण भेजा गया है। कई हस्तियों की सहमति भी आ चुकी है। भगवान श्रीराम की तपोभूमि धर्मनगरी में महाकुंभ आयोजन का उद्देश्य हिंदू एकता पर चिंतन करना है। महाकुंभ आयोजकों ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान, मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति के अलावा यूपी के सरकार के कई मंत्रियों को आमंत्रण भेजा है।

### संत भी शामिल होंगे

देश के विभिन्न मठ-मंदिरों, अखाड़ों के धर्माचार्यों, संत, महात्माओं को भी महाकुंभ में बुलाया जा रहा है। तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने बताया कि हिंदू महाकुंभ में अतिथियों को आमंत्रण देने के लिए लंबी सूची बनी है। देशभर में शहर और गांवों में जाकर आमंत्रण पहुंचाया जा रहा है। उनका उद्देश्य है कि इस आयोजन में हर हिंदू पहुंचे। फिलहाल कार्यक्रम में पांच लाख से अधिक की संख्या में हिंदुओं के शामिल होने की अपेक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि हिंदू महाकुंभ में मंत्रणा के लिए 12 बिंदुओं का एजेंडा तय किया गया है। उन्होंने बताया कि संत अपनी इच्छाओं से सरकार को एक डॉक्यूमेंट के जरिए बताएंगे, ताकि सरकार उस पर अमल कर सके। बताया कि एजेंडे में मठ, मंदिर से लेकर कॉमन सिविल कोड तक है। उनके एजेंडे में सबसे पहले भगवान श्रीराम हैं।

### इन बिंदुओं पर होगा मंथन

भगवान श्री राम मंदिर निर्माण, मंदिरों से सरकारी नियंत्रण खत्म हो, धर्मांतरण, जनसंख्या नियंत्रण कानून, राष्ट्रवाद एवं समान नागरिक संहिता, लव जिहाद, भारतीय दर्शन आधारित शिक्षा, नशा मुक्ति, गोरक्षा, सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन और मातृशक्ति वंदना, प्रचार के विभिन्न माध्यमों द्वारा हिंदू धर्म की अवहेलना एवं दुष्प्रचार, पर्यावरण।

### हर सेक्टर से हस्तियां होंगी शामिल

महाकुंभ में हर सेक्टर से जुड़े बड़े चेहरों को बुलाने के लिए आमंत्रण भेजा जा रहा है। काफी लोगों को आमंत्रण भेजा जा चुका है। इस कार्यक्रम में बालीवुड एक्टर से लेकर लोकगायक व ब्यूरोक्रेसी से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। यह सभी अपने-अपने क्षेत्र में हिंदुओं के प्रति चल रही विषमताओं पर मंथन करेंगे। महाकुंभ में चिदानंद मुनि, रामानुजाचार्य, कैलाशानंद गिरी महाराज आदि के भी शामिल होने की संभावना है।

### आशुतोष राणा, मनोज तिवारी भी आएंगे

तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी ने बताया कि अभी तक फिल्मों में हिंदू धर्म को उपेक्षित किया जाता है। इसको देखते हुए फिल्म जगत से जुड़े लोग बुलाए जा रहे हैं। आचार्य रामचंद्र दास ने कहा कि हाल ही में बन रही आश्रम फिल्म में भी हिंदू धर्म को गलत तरीके से प्रदर्शित किया जा रहा है। ऐसे मामलों में उसकी वजह व समाधान पर मंथन होगा। कार्यक्रम में आशुतोष राणा, मनोज तिवारी समेत कई फिल्मी हस्तियां शामिल होंगी।

# सत्ता पर संगठन की कसावट



- राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने मंत्रियों से लिया एक साल का हिसाब
- बैठक में नहीं पहुंचे बिसाहूलाल सहित अन्य आदिवासी मंत्री

इंदौर। मप्र में भाजपा अपने मंत्रियों पर नकेल कसने की तैयारी कर रही है। खाद्य और आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह के विवादित बयान को लेकर मचे बवाल के बीच सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने मंत्रियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, लेकिन बैठक में बिसाहूलाल सहित विजय शाह, मीना सिंह, रामकिशोर कांवरे और प्रेम सिंह ठाकुर बैठक में नहीं पहुंचे। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से सवाल पूछा गया तो वे किनारा कर गए।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने शिवराज कैबिनेट के सभी मंत्रियों की बैठक बुलाई थी। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे।

इस दौरान मंत्रियों के परफॉर्मेंस के बारे में बात हुई। बैठक शुरू हुई तब 15 मंत्री ही मौजूद रहे। इसको लेकर संतोष ने नाराजगी भी व्यक्त की थी। लेकिन आधे घंटे बाद लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया पहुंचे थे। जबकि उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह दत्तीगांव भाजपा कार्यालय पहुंचे, लेकिन बैठक में शामिल नहीं हुए।

### संगठन के लिए सभी एक आम कार्यकर्ता

पार्टी सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने मंत्रियों से कहा- कोई कितना भी बड़ा नेता क्यों ना हो, संगठन के लिए एक आम कार्यकर्ता ही है। संगठन और सरकार के साथ बेहतर तालमेल के साथ काम करें।

संतोष ने मंत्रियों से पूछा- संगठन से आप लोगों की क्या अपेक्षाएं हैं? इस पर कोई मंत्री खुलकर नहीं बोला, लेकिन संतोष ने साफ तौर पर कहा दिया कि संगठन को मंत्रियों से जो अपेक्षाएं हैं, उन्हें हर हाल में एक साल में पूरा करना है। उन्होंने हर मंत्री से उनके विभाग की उपलब्धियों की जानकारी भी ली।

### आदिवासी मंत्री की अनुपस्थिति पर उठ रहे सवाल

खास बात यह है कि बैठक में आदिवासी समुदाय के मंत्री नहीं पहुंचे। एक दिन पहले ही खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह द्वारा महिलाओं को लेकर की गई विवादित टिप्पणी पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने नाराजगी व्यक्त की थी।

हालांकि इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वीडी शर्मा ने बिसाहूलाल को तलब कर इस तरह के बयान नहीं देने की चेतावनी दी थी। लेकिन सोमवार की बैठक में बिसाहूलाल सहित अन्य आदिवासी मंत्रियों का बैठक में नहीं पहुचंने से सवाल उठ रहे हैं।

इस बैठक को सरकार पर संगठन का नियंत्रण मजबूत करने के साथ अगले विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों की शुरुआत के रूप में भी देखा जा रहा है। वे बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ पहले ही बैठक कर चुके हैं। अब मंत्रियों के साथ चर्चा में उनके कामकाज का हिसाब मांगा गया।

जानकारी के मुताबिक इसमें ज्यादा जोर पार्टी के चुनावी वादों पर था। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में संतोष ने पार्टी की ओर से चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा की थी।

इसमें सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को हर घर में पहुंचाने के लिए रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ था। संगठन महामंत्री ने 11 सदस्यीय बूथ समिति के हरेक सदस्य को प्रत्येक बूथ पर 30 परिवारों से संपर्क कर पार्टी का जनाधार बढ़ाने का निर्देश दिया गया था।

# मतदान केंद्रों पर तीन लाख युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता होंगे तैनात



इंदौर। भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस ने भी वर्ष 2023 में होने वाले मध्य प्रदेश विधान सभा के चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर दी है। प्रदेश के 65 हजार से अधिक मतदान केंद्रों पर तीन लाख से ज्यादा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को तैनात किया जाएगा। यह कार्य दो माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन सभी कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्र के प्रबंधन का प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा।

### दो माह के भीतर प्रक्रिया होगी पूरी, सबको दिया जाएगा मतदान केंद्र प्रबंधन का प्रशिक्षण

प्रदेश के 230 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 65 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कांग्रेस का ध्यान अब सर्वाधिक मतदान केंद्रों के प्रबंधन पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने पार्टी के सभी सहयोगी संगठन के प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे मतदान केंद्र इकाई को मजबूत करें। सभी अपनी-अपनी टीम बनाएं और उन्हें बाकायदा प्रशिक्षण भी दें क्योंकि हमारा मुकाबला भाजपा के नेताओं से नहीं बल्कि उनके संगठन से है। दरअसल, भाजपा चुनाव के लिए सर्वाधिक ध्यान मतदान केंद्र के प्रबंधन पर ही देती है। इसके मद्देनजर युवा कांग्रेस को जिम्मेदारी दी गई है कि वो प्रत्येक मतदान केंद्र पर पांच कार्यकर्ताओं की तैनाती करे। इन्हें मतदाताओं से संपर्क अभियान चलाने के साथ पार्टी की गतिविधियों को बढ़ावा देने का काम दिया जाएगा। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा.विक्रांत भूरिया ने बताया कि सभी जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों को बता दिया गया है कि केंद्रीय संगठन की अपेक्षा है कि दो माह के भीतर मतदान केंद्र स्तर पर पांच-पांच कार्यकर्ताओं की तैनाती हो जाए। इनके मोबाइल नंबर लेकर वाटसएप ग्रुप बनाए जाएंगे ताकि प्रदेश स्तर से दिए जाने वाले दिशानिर्देश एक साथ सबको मिल जाएं। इन कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्र के प्रबंधन का प्रशिक्षण केंद्रीय संगठन द्वारा विशेषज्ञों से दिलाया जाएगा।

### लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले पदाधिकारियों की होगी छुट्टी

संगठन ने तय किया है कि जो पदाधिकारी निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति समयसीमा के भीतर में नहीं करेंगे, उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। इसके लिए पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीबी श्रीनिवास ने स्पष्ट निर्देश भी दिए हैं। साथ ही कहा है कि प्रतिमाह जिला इकाइयों के प्रदर्शन की समीक्षा भी की जाए।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने म.प्र. राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग की बैठक ली

# योजनाओं का लाभ पहुँचाने सामान्य निर्धन वर्ग से लिए जाएँगे सुझाव : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सामाजिक समरसता हमारा मूलमंत्र है और सभी वर्गों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए प्रदेश के हर संभाग में राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के दौरे होंगे और सामान्य निर्धन वर्ग से सुझाव लेकर उन्हें लाभान्वित करने की कार्य-योजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में म.प्र राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आयोग के भ्रमण से लोगों की भागीदारी बढ़ेगी और उनके विचार शासन तक पहुँच सकेंगे। उन्होंने कहा कि हर संभाग में गोष्ठी, संवाद, विचार-विमर्श एवं चिंतन का दौर आयोग द्वारा जारी रखा जाए। आयोग द्वारा चिन्हांकित कार्य-क्षेत्र और योजनाएँ शासन की समस्त कल्याणकारी योजनाओं का संकलन एवं उन योजनाओं में सामान्य वर्ग के हितग्राहियों का चिन्हांकन। आपदा की स्थिति में शासन द्वारा सामान्य वर्ग के व्यक्तियों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराना। कृषि, खेलकूद, सांस्कृतिक, भजन मण्डली आदि गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सहायता। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना में सामान्य वर्ग के वृद्धजन की सहभागिता एवं प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। सामान्य वर्ग आयोग द्वारा चिन्हांकित योजनाओं की कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा नियमित समीक्षा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग की सहायता दी जाना। शासन के समस्त विभागों में जन-कल्याण के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। इसके बावजूद भी प्रदेश भर में सामान्य वर्ग के लोगों को समुचित लाभ मिल सके और लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सके, इसके लिए आयोग की सार्थक पहल और प्रयास होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आयोग की कार्य-योजना को मूर्त रूप देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सामान्य निर्धन वर्ग के लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएँगे। बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री शिव कुमार चौबे, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# जय गंगाजल: इस सीन के बाद माफी मांगकर फूट फूट कर रोने लगी थीं प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की एक ऐसी अभिनेत्री हैं जिन्होंने हॉलीवुड में भी अपने हुनर का परचम लहराया है। आज वह देश विदेश दोनों में बड़ा नाम बन चुकी हैं। प्रियंका अब बॉलीवुड की फिल्मों में कम ही नजर आती हैं लेकिन उन्होंने उनकी फिल्मों को कोई नहीं भूल सकता। प्रियंका ने बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों में काम किया है और अपने काम से लोगों का दिल जीता है। प्रियंका फिल्म जय गंगाजल का भी हिस्सा थीं जिसे प्रकाश राज ने निर्देशित किया था।

### शूटिंग के बाद रोने लगी थीं प्रियंका चोपड़ा

इस फिल्म में प्रियंका ने एक जांबाज पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया था। शूट के दौरान प्रियंका ने कुछ ऐसा कर दिया था कि वह फूट फूट कर रोने लगी थीं और फिर उन्हें चुप कराना पड़ा था। दरअसल एक पुराने इंटरव्यू में प्रियंका के सह कलाकार और अभिनेता मानव कौल ने बताया था कि प्रियंका ने उन्हें गलती से मार दिया था जिसके बाद वह रोने लगी थीं। मानव कौल ने इंटरव्यू में बताया था कि, हम फाइट सीन कर रहे थे। उन्हें उठकर मुझे मारना था तो वह उठीं लेकिन गलती से उन्होंने मेरे गले पर वार कर दिया।हां, इसमें कोई बड़ी बात नहीं थी। जब आप कोई मार धाड़ वाले सीन करते हैं तो कुछ ना कुछ गड़बड़ हो जाती है। कुछ तो बिगड़ सकता है और चोट भी लग सकती है। मानव ने कहा कि, टइस घटना के बाद प्रियंका मेरे पास आईं और मुझसे पूछा कि कहीं मुझे चोट तो नहीं लगी। इसके बाद मैंने उनसे कहा कि नहीं नहीं और फिर वह रोने लगीं। वह इतना ज्यादा रोने लगीं कि एक घंटे तक मुझे सारा काम छोड़कर उन्हें चुप कराना पड़ा। वह बार बार कह रही थीं कि मुझे पता है मैंने तुम्हें चोट पहुंचाई हैं। इसका घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें प्रियंका रोती हुई नजर आ रही थीं और मानव उन्हें चुप करा रहे थे। साथ ही प्रियंका ने अपना कान भी पकड़ा था और मानव से माफी मांगी थी। प्रियंका ने यह फिल्म निक जोनस से शादी करने से दो साल पहले शूट की थी।

# प्रभास और पूजा हेगड़े की रोमांटिक केमिस्ट्री देख आशिकी आ गई...




बाहुबली फेम एक्टर प्रभास और अभिनेत्री पूजा हेगड़े की बहुप्रतिक्षित फिल्म राधे श्याम का इंतजार कर रहे फैंस के लिए अच्छी खबर है। फिल्म का पहला गाना आशिकी आ गई... बुधवार को रिलीज कर दिया गया है। रिलीज होते ही यह गाना चर्चा में आ गया है। अरिजीत सिंह की आवाज में यह रोमांटिक गाना सुनकर फैंस एक बार फिर मदहोश हो रहे हैं। टी सीरीज के लेबल के तहत रिलीज किए गए इस गाने की लिरिक्स मिथुन ने लिखी है। बीते दिनों इसका टीजर भी लॉन्च किया गया था। उसमें लोगों को एक ही पंक्ति सुनने को मिली थी, जिसके बाद से पूरे गाने के लिए फैंस की बेचैनी बढ़ गई थी। यह गाना पूजा और प्रभास की बातचीत के एक अंश से शुरू होता है जिसमें पूजा कहती हैं अपने आप को रोमियो समझते हो इसपर प्रभास जवाब देते हैं कि उसने प्यार में जान दी थी... मैं उस टाइप का नहीं हूं।

### प्रभास और पूजा रोमांटिक

इसके बाद अरिजीत सिंह की आवाज में गाना शुरू होता है और स्क्रीन पर बारिश के बीच प्रभास और पूजा की रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आती है। पूरे गाने में प्रभास और पूजा एक दूसरे के साथ इस कदर रोमांस करते हुए दिखते हैं कि वाकई गाना सुनने वाले के मुंह से निकल जाएगा..कि हमें आशिकी आ गई। हालांकि अंत में फिल्म के क्लाइमैक्स को सस्पेंस रखा गया है। गाना रिलीज होने के बाद से इसे लोगों की काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। कुछ ही मिनट में इसे लाखों लोगों ने देखा और हजारों लोग कमेंट कर चुके हैं। फैंस हमेशा की तरह आरिजीत की आवाज की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं, पूरी फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शक भी अपनी बेचैनी बयां कर रहे हैं। बता दें कि आगामी 14 जनवरी को यह फिल्म दुनिया भर में रिलीज होने वाली है।

# रणबीर ने पैर से मारी आलिया भट्ट के लहंगे को लात, भड़के यूजर्स बोले- इससे शादी मत करना



आलिया भट्ट और रणबीर कपूर बॉलीवुड के पॉवर कपल माने जाते हैं। दोनों की फिल्म ब्रह्मास्त्र अभी रिलीज भी नहीं हुई है लेकिन दो साल से उनके रिश्ते की चर्चा है। अक्सर कई मौके पर दोनों एक दूसरे के लिए प्यार जताते नजर आ जाते हैं। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि बहुत जल्द दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। हालांकि इसी बीच आलिया और रणबीर का कुछ समय पहले का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर कई यूजर्स गुस्से से भर गए हैं और आलिया को रणबीर से ब्रेकअप करने के लिए कह रहे हैं।

### यूजर्स का फूटा रणबीर पर गुस्सा


दरअसल दीवाली के मौके पर आलिया और रणबीर साथ नजर आए थे। आलिया ने बैंगनी रंग का सब्यसाची का लहंगा पहना तो वहीं एंब्रॉयड्रेड कुर्ते में रणबीर भी बेहद हैंडसम लग रहे थे। उनकी तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही थीं। इसी दौरान एक वीडियो है जो फिर चर्चा में आ गया है और उसे देखकर यूजर्स रणबीर पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि आलिया सीढ़ियों से नीचे उतरती हैं तो उनका दुपट्टा पीछे की ओर रहता है और रणबीर पैर से दुपट्टा हटाते हैं। अब आलिया को लेकर रणबीर के इस व्यवहार पर यूजर्स ने नाराजगी जाहिर की है। यूजर्स का कहना है कि रणबीर को आलिया की कद्र नहीं है और वह उन्हें सम्मान नहीं दे सकते।यहां तक कि कई लोगों ने यह भी कह दिया कि आलिया को शादी से पहले ही रणबीर के साथ ब्रेकअप कर लेना चाहिए।

# मुक्काबाज एक्टर विनीत कुमार सिंह ने अपनी गर्लफ्रेंड संग रचाई शादी



गुंजन सक्सेना और मुक्काबाज जैसी फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड रुचिरा गोरेमरे के साथ सात-फेरे लिए। इस बात की जानकारी खुद अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फैंस के साथ साझा की। विनीत कुमार सिंह ने अपनी शादी की कई खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की। गुंजन सक्सेना और मुक्काबाज जैसी फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड रुचिरा गोरेमरे के साथ सात-फेरे लिए। इस बात की जानकारी खुद अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फैंस के साथ साझा की। विनीत कुमार सिंह ने अपनी शादी की कई खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की। विनीत और रुचिरा की शादी 29 नवम्बर को हुई थी। शादी के एक दिन बाद इस कपल ने इस गुड न्यूज को अपने चाहने वालों को साथ शेयर किया। अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए विनीत ने अपनी पत्नी रुचिरा गोरेमरे के लिए एक रोमांटिक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, 'तुम्हारा हाथ थामकर मैं इतनी दूर तक आया। तुम्हें अपनी जिंदगी में पाकर मैं खुद को बहुत ही खुशनसीब मानता हूं। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए आपका शुक्रिया'। अपनी इस पोस्ट को साझा करते हुए विनीत ने अपनी पत्नी रुचिरा को पोस्ट में टैग किया।

# संजय दत्त बोले-आपने तो बेहतर जगह दी है, मैं तो जेल में भी रह चुका हूं



*अपुन को बहुत बहुत खुशी हुई है, के अपुन अरुणाचल प्रदेश का ब्रांड एंबेसडर है मामू। और अपुन ये राज्य कभी छोड़ के नई जाने वाले' अरुणाचल प्रदेश के ब्रांड एंबेसडर के रूप में मेचुका पहुंचे फिल्म अभिनेता संजय दत्त ने यह बात कही। 50 इयर्स ऑफ अरुणाचल प्रदेश' समारोह के में शामिल हुए अभिनेता ने कहा, मैं आपको बोल रहा हूं मुझे यहां बांध कर रख लीजिए। आप लोगों का प्यार देखकर मैं अभिभूत हो गया हूं। हंसी मजाक में अभिनेता के लिए राज्य में उचित आवास नहीं दे पाने के कारण मुख्यमंत्री के माफी का जवाब देते हुए, दत्त ने कहा, मैं आपको बता दूं मैं छह साल जेल में रहा हूं .....उससे तो बेहतर जगह आपने मुझे दी है!*

# रॉकी और रानी की शूटिंग के दौरान भावुक हुए धर्मेंद्र, टीम के लिए लिखा प्यार भरा नोट



*बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र भले ही काफी समय तक पर्दे से दूर रहे हों, लेकिन वो अपने प्रशंसकों के हमेशा करीब रहे हैं। धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और आए दिन वो अपने चाहने वालों के लिए वो कई प्यारी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। हाल ही में धर्मेंद्र ने अपने बेटे सनी देओल के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा की थी, जो उनके प्रशंसकों को काफी पसंद आई थी। धर्मेंद्र जल्द ही करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। हाल ही में हीमैन धर्मेंद्र ने सोशल मीडिया पर करण जौहर की आगामी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के सेट से बहुत ही खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वह पूरी स्टार कास्ट के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में शबाना आजमी, धर्मेंद्र, आलिया भट्ट, रणवीर सिंह और फिल्म निर्माता करण जौहर कैमरा के लिए पोज करते हुए नजर आ रहे हैं। धर्मेंद्र द्वारा पोस्ट की गई इस तस्वीर को उनके प्रशंसकों का भपूर प्यार मिल रहा है। इस तस्वीर को साझा करते हुए धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर काफी भावुक दिखे।*

# इनबेस की 4 नई स्मार्टवॉच: ये बॉडी में ऑक्सीजन लेवल बताएंगी, पानी में डूबकर भी करेंगी काम

**नई दिल्ली।** इनबेस ने भारतीय बाजार में चार नई स्मार्टवॉच लॉन्च की हैं। इनमें अरबन फिट एक्स, अरबन लाइट एम, अरबन लाइफ जेड और अरबन गो शामिल हैं। सभी स्मार्टवॉच ढ्ढक्क8 रेटिंग के साथ आती हैं। यानी ये पानी और डस्ट दोनो से पूरी तरह सेफ रहेगी। इसमें हेल्थ और फिटनेस से जुड़े कई फीचर्स जैसे स्टेप काउंट, स्क्क2 लेवल ट्रैकिंग, हार्ट रेट मॉनीटरिंग, स्लीप मॉनीटरिंग, कैलोरी बर्न काउंट दिए हैं। कंपनी इन वॉच पर सलभर की वारंटी दे रही है। अरबन फिट एक्स की कीमत 1,999 रुपए, अरबन लाइट एम की कीमत 1,899 रुपए, अरबन लाइफ जेड की कीमत 3,199 रुपए और अरबन गो की कीमत 3,499 रुपए है। इन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मार्केट से खरीद पाएंगे।




### इनबेस स्मार्टवॉच के फीचर्स

इनबेस अरबन फिट एक्स: यह वॉच चार कलर्स ब्लैक, ग्रे, रोज गोल्ड एवं नेवी ब्लू में उपलब्ध है। शानदार लुक के साथ यह ब्लड ऑक्सीजन लेवल यानि SPOw, हार्ट रेट को मॉनीटर को ट्रैक करती है। जिंक एलॉय से बनी फिट एक्स लाइटवेट और कॉम्पैक्ट है। यह वॉच ब्लूटुथ 5.0, 1.69 इंच की फुल टच डिस्प्ले के साथ आती है। अरबन फिट एक्स की बैटरी लाइफ को लेकर 8 घंटे के रन टाइम और 35 दिनों का स्टैंडबाई टाइम का दावा है।अरबन स्मार्टवॉच सीरीज में लाइट एम सबसे किफायती स्मार्टवॉच है। यह तीन कलर्स ब्लैक, ग्रे और फॉरेस्ट ग्रीन में उपलब्ध है। यह बेहद लाइटवेट और कॉम्पैक्ट साइज की वॉच है जो हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट के साथ आती है। अरबन लाइट एम की बैटरी भी 8 घंटे का रन टाइम और 35 दिनों का स्टैण्डबाय टाइम देती है। लाइट एम ब्लूटुथ 5.0, 1.4 इंच की फुल टच डिस्प्ले के साथ आती है। इसमें आपको वॉकिंग, स्विमिंग, रनिंग, साइक्लिंग, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल और स्किपिंग आदि जैसे स्पोर्ट्स मोड मिलेंगे।

### इनबेस अरबन लाइफ जेड

यह वॉच ब्लैक, गोल्ड, रोज गोल्ड और ग्रे कलर्स में उपलब्ध है। इसके साथ ब्लूटुथ कॉलिंग भी मिलती है। यह वॉल एल्यूमीनियम एलॉय से बनी है। यह बिना कॉलिंग के 8 दिनों का बैकअप देती है और कॉलिंग फंक्शन के साथ इसकी बैटरी 3 दिनों तक चलती है और 35 दिनों का स्टैंडबाय टाइम है। इसमें भी कनेक्टिविटी के लिए ब्लूटुथ 5.0 है। यह 1.75 इंच की फुल टच डिस्प्ले के साथ आती है जिसका रिजॉल्यूशन 240×280 पिक्सल है। लाइट एम की तरह यह 7 स्पोर्ट्स मोड्स जैसे वॉकिंग, स्विमिंग, रनिंग, साइक्लिंग, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल और स्किपिंग के साथ आती है।

### इनबेस अरबन गो

अरबन गो अपनी तरह की पहली 1.57 इंच स्क्रीन वाली स्मार्टवॉच है जो कई फीचर्स और तीन कलर्स ब्लैक, बेज और ग्रे में उपलब्ध है। यह स्लिम डिजाइन, लाइटवेट और रेक्टेंगल शेप में 1.57 इंच के डिस्प्ले और ब्लूटुथ 5.0 के साथ आती है। इसमें TWS का फंक्शन भी है, तो आप अपनी स्मार्टवॉच को सीधे ऑडियो डिवाइस से कनेक्ट कर सकते हैं और अपने फोन से कनेक्ट किए बिना ही ऑडियो का शानदार अनुभव पा सकते हैं। इनबिल्ट मेमोरी कार्ड के साथ आप प्ले-लिस्ट भी बना सकते हैं।

---

दिल्लीवासियों को बड़ी राहत: सस्ता मिलेगा पेट्रोल,

## केजरीवाल कैबिनेट ने वैट घटाने की मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने महीने के पहले दिन आम आदमी को सस्ते पेट्रोल-डीजल का तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने पेट्रोल पर वैट को 30त्न से घटाकर 19.40त्न कर दिया है। इससे दिल्ली में पेट्रोल 8 रुपए तक सस्ता हो जाएगा। नए दाम आज रात से लागू होंगे।

### क्या होता है वैट?

पेट्रोल-डीजल त्रस्ञ्ज के दायरे में नहीं आते हैं, इसलिए इस पर केंद्र सरकार की ओर से एक्साइज ड्यूटी और राज्य सरकार की ओर से वैट आदि लगाए जाते हैं। ऐसे में जब आप राज्य सरकार अपने हक का वैट कम कर देती है तो फ्यूल के रेट में कमी आ जाती है और ऐसा ही दिल्ली में हुआ है।

### महाराष्ट्र में सबसे महंगा पेट्रोल

इस समय सबसे महंगा पेट्रोल महाराष्ट्र के परभणी में बिक रहा है। यहां पेट्रोल 113.17 रुपए लीटर है। वहीं राजस्थान के श्रीगंगानगर में पेट्रोल 112.11 रुपए लीटर बिक रहा है।

**केंद्र व कई राज्य सरकारें पहले ही कर चुकीं है टैक्स में कटौती:** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों से लोगों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने 3 नवंबर को पेट्रोल पर 5 रुपए और डीजल पर 10 रुपए एक्साइज ड्यूटी घटाई थी। इसके बाद कर्नाटक, पुडुचेरी, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, असम, सिक्किम, बिहार, मध्य प्रदेश, गोवा, गुजरात, दादरा एवं नागर हवेली, दमन एवं दीव, चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और लद्दाख इस पर वैट में कटौती कर चुके हैं। इससे आम आदमी को थोड़ी राहत मिली है।

### बड़ी कंपनियों में भारतीयों का जलवा

**नई दिल्ली।** पराग अग्रवाल को ट्विटर का ष्टश्वह्र बनाया गया है। 37 साल के पराग अब दुनिया की टॉप 500 कंपनियों के सबसे युवा ष्टश्वह्र बन गए हैं। हालांकि इससे पहले गूगल और माइक्रोसॉफ्ट समेत दुनिया की कई बड़ी कंपनियों में भारतीय मूल के बॉस या ष्टश्वह्र हैं। हम आपको ऐसे ही 7 भारतीयों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है।



### सत्य नडेला

54 साल के सत्य नडेला दुनिया की लीडिंग टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन हैं। 19 अगस्त 1967 को हैदराबाद में जन्मे सत्य नडेला फरवरी 2014 में माइक्रोसॉफ्ट के CEO बने। उन्होंने मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग की है। साल 1992 में नडेला ने माइक्रोसॉफ्ट से विंडो NT ऑपरेटिंग सिस्टम डेवलपर्स के तौर पर शुरुआत की थी। सत्य नडेला की नेटवर्थ 2,527 अरब डॉलर है।

---

## ट्विटर के नए ष्टश्वह्र का ननिहाल है भीलवाड़ा: मम्मी-पापा बोले- शहर की पुरानी गलियों में गुजरा है पराग का बचपन, छुट्टियों में यहीं रहता था

**भीलवाड़ा।** पराग अग्रवाल ट्विटर के सीईओ बने तो हर भारतीय गर्व कर रहा है। उनके ननिहाल भीलवाड़ा में भी कुछ ऐसी ही खुशी है। पराग का काफी बचपन पुराने भीलवाड़ा की गलियों में गुजरा है। जब भी छुट्टियां पड़तीं तो पराग को भीलवाड़ा आना पसंद था। यह सारी बातें ट्विटर के नए सीईओ पराग अग्रवाल की मां शशि व पिता रामगोपाल अग्रवाल ने कही। वह दोनों मंगलवार रात को अपने निजी कार्यक्रम में शामिल होने भीलवाड़ा आए थे। वे भीलवाड़ा में पराग की बुआ के बेटे अखिलेश मित्तल के घर रुके हैं। दो दिनों तक पराग के माता-पिता भीलवाड़ा में ही रहेंगे और आस-पास के क्षेत्र में पारिवारिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पराग के पिता मुंबई में बीएमआरसी में साइंटिस्ट है और माता बीवीजेटीई मुंबई में प्रोफेसर हैं। उन्होंने बताया कि पराग पढ़ाई के प्रति काफी सीरियस था। पराग इंटरनेशनल ओलंपियाड में गोल्ड मेडलिस्ट भी रहा है। वहीं 12वीं में महाराष्ट्र बोर्ड में उसकी 10वीं रैक बनी थी। पराग ने आईआईटी मुंबई से अपनी पढ़ाई की। पराग के माता-पिता ने बताया कि पराग 8 मार्च 2018 को ट्विटर में सीटीओ बने थे। तीन साल तक उन्होंने ट्विटर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काफी काम किया। इसी के चलते अब उन्हें सीईओ का मुकाम मिला है। जब पराग के पिता रामगोपाल से पूछा गया कि अब पराग राजस्थान कब आएंगे तो उन्होंने कहा कि पराग को सब देखता चाहते हैं। ज्यादातर ने पराग को काफी साल पहले देखा था, लेकिन अब विश्व की बेहतरीन कंपनी का ट्विटर का सीईओ बनने के बाद उसे सब देखना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल पराग का कोई प्लान नहीं है। लेकिन, वह भीलवाड़ा में अपना ननिहाल और अजमेर में अपने दादा का घर हमेशा याद करता है।



### अजमेर में रहता था परिवार

ट्विटर के नए सीईओ पराग अग्रवाल राजस्थान के अजमेर में जन्मे हैं। पराग के माता-पिता और दादा-दादी किराए के मकान में धानमंडी और खजाना गली में रहते थे।

## कोरोना पर सरकार की नीतियों से कारोबार जगत नाराज

**नई दिल्ली।** कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के मिलने से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया है। भारत ले भी एहतियात के तौर पर विदेश से आने वाले यात्रियों को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। कारोबार जगत के दिग्गजों ने सोशल मीडिया के जरिए कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर जारी नई पाबंदियों और गाइडलाइंस को लेकर चिंता जाहिर की है। कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर उदय कोटक ने सोशल मीडिया पर कहा कि ओमिक्रॉन वैरिएंट आज डरा रहा है। कल कुछ और डराएगा। दुनियाभर के लोग, बाजार और नीति नियंता आंकड़ों के बगैर क्राइसिस मैनेंजमेंट के लिए बिना डाटा के नियम बनाएंगे। एक कभी सामान्य न होने वाली दुनिया में आपका स्वागत है, जिसमें हम रह रहे हैं। बायोकॉन की एक्जीक्यूटिव चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ उन्होंने सवाल किया कि क्या जोखिम वाले देशों से नेगेटिव क्रञ्ज-क्कष्टक्र टेस्ट और वैक्सीन के दोनों डोज लेने वाले विजिटर्स को 7 दिन के होम क्वारंटीन पर भेजना ज्यादा सख्त कार्रवाई नहीं है? क्या हम फालतू नियमों को लागू होने दें? ओमिक्रॉन के लक्षण डेल्टा के मुकाबले काफी हल्के हैं।

---

## ऑनलाइन बिक रहे नकली N-95 मास्क




**नई दिल्ली।** N95 मास्क को कोरोना से बचने के लिए जरूरी कहा जा रहा है। कुछ समय पहले तक भारत के मार्केट में इसकी भारी कमी थी लेकिन चीन और अमेरिका से आने वाले स्टॉक के बाद यह कमी दूर हो गई। लेकिन अब भी फेक मास्क की समस्या देखने को मिल रही है। दरअसल जब कस्टमर्स N95 को ऑनलाइन खासतौर से अमेजन से खरीदते हैं, तो उन्हें वेंडर्स फेक और खराब क्वालिटी का मेड इन चाइना चह्95ह्य मास्क दे देते हैं। अमेजन पर और दूसरे रिटेल सेलर के जरिए मिलने वाले चह्95ह्य मास्क को फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के हेल्थ केयर ने इस्तेमाल के लिए रिजेक्ट कर दिया था। इसमें खासतौर से चीन से आने मास्क शामिल हैं। इनमें बोनकेयर जैसे ब्रांड शामिल हैं, जो हर बार स्टैंडर टेस्टिंग में फेल हो रहे हैं। वहीं उटू जैसी कंपनी के मास्क यूरोपीय यूनियन की टेस्टिंग में भी फेल रहे हैं। साथ ही चेंगडे टेक्नोलॉजी का अमेजन टॉप सेलर मैन्युफैक्चरर चिसिप को फेक बताया गया है। अमेजन ने अपनी साइट पर बेचे जाने वाले स्पेसिफिक ब्रांड्स पर कमेंट करने से इनकार कर दिया है। लेकिन पिछले बयानों में, कंपनी ने कहा कि उसने फेक प्रोडक्ट्स की बिक्री पर बैन लगा दिया है और इसे कड़ाई के साथ पालन कराया जा रहा है।

---

## ऑटो सेल्स : बजाज ऑटो की गाड़ियों की डिमांड में 13.7% की गिरावट

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल कंपनियों ने नवंबर सेल्स के आंकड़े जारी करने शुरू कर दिए हैं। एस्कॉर्ट्स ट्रैक्टर और बजाज ऑटो को नवंबर में मंथली सेल्स के आधार पर नुकसान हुआ है। एस्कॉर्ट ट्रैक्टर की मंथली सेल्स 47.3त्न गिर गई। वहीं, बजाज ऑटो को इस दौरान 13.7त्न का नुकसान हुआ। चलिए इन सभी कंपनियों के सेल्स के आंकड़ों पर एक-एक करके नजर डालते हैं... एस्कॉर्ट्स लिमिटेड की ट्रैक्टर बिक्री नवंबर में खरीफ फसलों की कटाई में देरी और सीजन के बाद के चैनल डिस्टॉकिंग के कारण गिर गई। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि ट्रैक्टर की बिक्री 47.3त्न महीने-दर-महीने घटकर 7,116 यूनिट रह गई। कंपनी ने घरेलू बाजार में 13,514 और विदेशी बाजार में 624 यूनिट्स बेचीं। एस्कॉर्ट्स ने सेल्स में गिरावट को लेकर कहा कि कभी-कभी बिक्री के आंकड़ों में ऐसी गिरावट होती है। खरीफ फसल के पूरी तरह से मुद्रीकृत होने के साथ ही नकदी प्रवाह में सुधार होना शुरू हो जाना चाहिए। अभी इंडस्ट्री ट्रैक्टर उद्योग के पक्ष में हैं। बजाज ऑटो लिमिटेड की एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, उसने नवंबर में 3,79,276 यूनिट्स बेचीं, जो अक्टूबर के मुकाबले 13.7 फीसदी कम है। मंथली सेल्स के मुताबिक, डोमेस्टिक टू-व्हीलर बिक्री 27.36त्न गिरकर 1,58,755 यूनिट रह गई। वहीं, टू-व्हीलर एक्सपोर्ट 15.54त्न घटकर 2,20,521 यूनिट रह गया। कंपनी की टोटल कमर्शियल व्हीकल सेल्स 18त्न घटकर 40,803 यूनिट रह गई।









स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)